



SINCE 1998

पाक्षिक

# टेक्सटाइल वर्ल्ड

Postal Registration No : BHILWARA/208/2021-2023 Posting on 24-10-2023 at Rail Mail Service, Bhilwara

वर्ष-26 | अंक-09 | भीलवाड़ा/ 22 अक्टूबर, 2023 | कुल पृष्ठ- 30 | मूल्य : 25 रुपए































## नवरात्रि के साथ ग्राहकी की सुगबुगाहट

### सीजन लम्बा चलने की आशा

### सभी की तैयारियाँ पूरी

**नई दिल्ली/ राजेश शर्मा**

नवरात्रि के साथ ही दिल्ली बाजार में व्यापारियों और ग्राहकों का आवागमन जोर पकड़ने लगा है तथा सुगबुगाहट आरंभ हो चुकी है। थोक व्यापारी तैयारी भी कर चुके हैं लेकिन व्यापारियों को अभी अच्छी ग्राहकी का इंतजार है। जानकारों का कहना है कि इस वर्ष शादियों की तिथियाँ अधिक होने के कारण वैवाहिक सीजन की माँग लम्बी चलने की आशा है। वैवाहिक तिथियाँ भी नवम्बर से आरंभ होकर फरवरी-मार्च तक बताई जा रही हैं तथा हर माह पर्याप्त संख्या में तिथियाँ हैं। हालांकि कॉटन के भाव में गिरावट के बाद लगभग स्थिरता है या नरमी की धारणा, इसका प्रभाव मध्य-पूर्व में तनाव व इजराइल-हमास में युद्ध के कारण कच्चे तेल और पेट्रोलियम उत्पादन के भाव में वृद्धि के कारण सिंथेटिक यार्न के भाव में मजबूती की धारणा बनती नजर आ रही है। गत पखवाड़े सूटिंग-शर्टिंग में सीमित मांग बनी रही जबकि वैवाहिक और सिंथेटिक साड़ियों में जल्द ही ग्राहकी गति पकड़ने की संभावना है।




लेडीज सूट, कॉटन आदि में सीमित मांग रही। व्यापारियों का कहना है कि पिछले दिनों निर्माताओं द्वारा की गई बुकिंग में से अधिकांश की सूटिंग की चालानी पूरी हो चुकी है। रेमंड, ग्राडो, डोनियर, सियाराम, रीड एंड टेलर आदि सूटिंग के नए माल बाजार में आ चुके हैं और सीमित ग्राहकी भी आरंभ हो गई है। रेमंड और कुछ अन्य मिलों ने आकर्षक पैकिंग में सूटिंग की व्यापक रेंज बाजार में दी है।

शेषांश पृष्ठ 10 पर....





















# त्यौहारी हलचल से उद्यमियों का उत्पादन के प्रति रूख तेज

**बालोतरा/ एल सी पुनीत**

त्यौहारी माहौल से हलचल संपूर्ण औद्योगिक क्षेत्र में परिलक्षित हो रही है। उत्पादन के प्रति उद्यमियों की रुचि दर्शाती है कि सीजन दमदार हुए बिना नहीं रहेगी। साथ ही अनुभवी उद्यमियों का कहना है कि चुनावी समय होने के कारण व्यापार विशेष गतिशील नहीं रह सकेगा, क्योंकि लोगों की जागरूकता ने राजनीति में काफी महत्त्वपूर्ण स्थान बना लिया है। यही कारण है कि चर्चा में बाजार की स्थिति पर अधिक राजनीतिक बातों का ही आधिक्य है। यहाँ आचार संहिता लगने के साथ राजनीतिक बातों की ही प्रमुखता है। ग्रे-क्लॉथ के भावों में तेजी की व्यापक संभावनाओं के बाद भी स्थिति स्थिर है। रकम की आवक कमजोर होने से कैश में माल लेने वाले पूरे कस लगाकर अंदर ही अंदर सोदा होने के भी समाचार हैं। वैसे ग्रे-क्लॉथ का पर्याप्त स्टॉक उत्पादकों के पास उपलब्ध हैं, इस कारण ग्रे के सोदे थोड़ी मात्रा में ही जरूरत अनुसार हो पा रहे हैं। रेडी में पोपलीन, पेटीकोट, रोटो की चालानी है और उत्पादक रंगा बेजी को पूरा करने में एक-दूसरे का सहयोग करते दिखाई पड़ते हैं। माल को तैयार करने व लाने, ले जाने के संदर्भ में श्रमिकों की कमी विशेष अखर रही है। स्मरण रहे कि यहाँ के औद्योगिक क्षेत्र में श्रमिक (मजदूरी) सर्वाधिक है। स्थानीय मजदूर जो कभी श्रम पर ही आधारित थे, उनमें से अधिकांश श्रमिकों द्वारा स्वयं के प्रतिष्ठान खड़े करने से श्रमिकों की कमी हो गई है। यह सुखद सहयोग है कि यूपी, बिहार व आसाम के श्रमिक दलों के आने से ही औद्योगिक कार्य प्रक्रिया को गति मिल रही है। वैसे औद्योगिक प्रतिष्ठान अपने कार्यों में अधिकाधिक ऑटोमेशन पर जोर दे रहे हैं। उन्हें लग रहा है कि भविष्य में लेबर प्रॉब्लम विकट हुए बिना नहीं रहेगी। क्लॉथ की रंगाई-छपाई के अलावा लगे उद्योग भी काफी खर्चा कर अपनी मशीनरी को स्वचालित स्तर पर लाने को प्रय|शील है। सॉक्स इंडस्ट्री चलाने वाले श्री सुंदर भाई ने बताया कि लंबे खर्चे के साथ उत्पादन में गति लाने हेतु नई मशीनरी स्थापित की है। समय के साथ परिवर्तन स्वतः ही आएगा आखिर इस संबंध में सोच जो विकसित हो चुकी है।

विश्व में कुछ स्थानों पर युद्ध के कारण स्थानीय उद्यमी भी शंकित है। वैसे अभी तक इसका कोई प्रत्यक्ष प्रभाव यहाँ के उद्योगों पर नहीं पड़ा है किंतु, युद्ध किस तरफ करवट लेगा इसका अप्रत्यक्ष



भय अवश्य लग रहा है। भारतीय परिपेक्ष में इसका सीधा असर नजर नहीं आ रहा है परंतु भविष्यगत परिस्थितियाँ कौन-सा रूप अख्तियार कर ले इसके बारे में कुछ कहा नहीं जा सकता। रिफाइनरी जो पचपद्रा तहसील में थी अब नये परिवर्तन द्वारा एक नयी तहसील पाटोदी का सृजन कर उसमें समाहित किए जाने से बालोतरा क्षेत्र के लोग अचंभित हैं। इसका दूरगामी परिणाम क्या होगा इसकी सोच जारी है।

स्थानीय चिकित्सकों ने जन जीवन में खेलों के महत्त्व को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से प्रस्तुत कार्यक्रम को प्रभावी प्रतिसाद पाने में सफलता प्राप्त की। आयोजन डॉ. शिवनानी के प्रयासों की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई। स्वर्णजयंती समारोह 'ओलु 97' के ऑल बॉयज ने सपरिवार उपस्थिति देकर आयोजित कार्यक्रम में सांस्कृतिक महत्त्व को उजागर कर आत्मीयता के सम्पुट से सभी को एक सूत्र में बाँधा और श्री वासु धनवेद व श्री पारस चौपड़ा के प्रयासों ने सुंदर समा बाँधा।

डॉ. ललित के. पँवार के संस्मरणों ने उनकी उपस्थिति में चार चाँद लगाये। समाचार लिखे जाने तक पचपद्रा विधानसभा क्षेत्र से अभी विधिवत् उम्मीदवारों के नामों की घोषणा नहीं हुई है, किंतु शीघ्र ही नामावली उपलब्ध होना निश्चित हैं। उसके बाद सम्पर्क-संवाद के माध्यम से प्रचार-प्रसार बढ़ेगा।





### ग्राहकी सुस्त

# पेमेन्ट पोजिशन टाइट

**पाली/ कैलाश टवाणी**

नवरात्री शुरू होने के बाद भी अभी पूरे भारत में कहीं पर भी ग्राहकी नहीं हैं। छुटपुट माल को जरूरत अनुसार बाहर के व्यापारी मंगा रहे है। इस बार अप्रेल से अक्टूबर लगभग सात माह निकल चुके है। अप्रेल से ही ग्राहकी नही चली है। जिस कारण ग्रे-मार्केट अप्रेल से लगातार अब तक 50 सालों के इतिहास में ग्रे में 25 से 30 प्रतिशत की मंदी आ चुकी है। अप्रेल-मई मैन सीजन का समय रहता है। उस समय ग्रे ऊँचाइयों पर रहता है। इस बार मई से भाव घटने शुरू हुए जो अब तक घट रहे है। हर व्यापारी पडता मिलाने हेतु नया ग्रे खरीद करता है व आड़तियें कहते है कि अब इससे नीचे भाव नहीं आने है। उद्यमी खरीद करता है तो अगले सप्ताह उससे नीचे भाव हो जाते है। ऐसा करते-करते 30 तक ग्रे घट चुका है। व्यापार में 3 से 4 प्रतिशत की कमाई है। इस बार हर उद्यमी को नुकसान पर नुकसान होता जा रहा है। व्यापारी ने सोचा नही था उससे भी कम भाव हो चुके है। नया ग्रे खरीद करने की हिम्मत नही हो रही है क्योंकि ग्राहकी दिख नहीं रही है। आगे सर्दी का सीजन आने से यहाँ का कॉटन कपड़ा कम ही बिकता है। जिसके चलते पेमेन्ट पोजीशन बहुत ही टाईट चल रही है तथा पेमेन्ट नही के बराबर मंडियों से आ रहा है। पेमेन्ट जो 60 से 90 दिन मे आ जाता था वह अब 4 से 6 माह से बाकी चल रहा है। ज्यादा व्यापारियों को कहने पर माल उच्चे भावों में बेचा हुआ रीटर्न व्यापारी भेजना शुरू कर रहे है। इस कारण यहाँ का व्यापारी पेमेन्ट पर भी ज्यादा जोर से नही बोल रहा है। इस कारण सभी का पेमेन्ट लेट हो रहा है। पाली में कॉटन साडी, रूबीया, अस्तर, सूट आदि बनते है। लेकिन ग्राहकी अभी किसी भी माल की डिमाण्ड नही है। सबसे ज्यादा अस्तर का माल यहाँ का बिकता है। जिसमें सबसे बडी मंडी हैदराबाद, सिकंदराबाद की मंडी है। वहाँ पर पाली लोकल के भाव में वहाँ पर व्यापारी पाली के बेचकर आ रहे है व पेमेन्ट भी एक-दो माह से 4 से 6% CID कटाकर ले रहे है। पाली का प्रोडक्शन नही के बराबर होने के बावजूद ग्राहकी नही है व पोलुशन का लफडा रोज हो रहा है। किसान वर्ग धरना देकर बैठे है। व्यापारी व्यापार नही होने से चिंता कर रहा है। 50 वर्षों के इतिहास में यह पहला साल होगा जिसमें व्यापार नहीं चल रहा है तथा नुकसान में व्यापार हो रहा है।

# सीजन की तैयारी में जुटे वस्त्र व्यापारी

**उदयपुर / नवीन कोठारी**

नवरात्री स्थापना से ही दीपावली सीजन की शुरुआत हो जाती है। श्राद्ध पक्ष में ऑफ सीजन होता है तभी से वस्त्र व्यापारी सीजन की तैयारी करना शुरू कर देते है परन्तु नवरात्री के शुभारम्भ से ही थाना थोड़ी बहुत ग्राहकी शुरू हो जाती हैं। इन दिनों में ग्राहकों की डिमाण्ड का भी पता चलने लगता है और व्यापारियों को और माल मँगवाने की सूझबूझ हो जाती है। दीपावली आते-आते समस्त वस्त्र व्यापारी भरपूर स्टॉक के साथ तैयार हो जाते हैं । इन दिनों स्थानीय वस्त्र बाजार में ऐसा ही नजारा देखा जा रहा है। बहुत से व्यापारी प्रतिष्ठान का रंग-रोशन में व्यस्त हैं तो बहुत से माल का स्टॉक मँगवाने में। इस बार का सीजन जबरदस्त रहेगा ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है इसलिये व्यापारी कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते। गरम वस्त्रों का बाजार जो समोर बाग में प्रतिवर्ष तिब्बती वस्त्र विक्रेताओं के द्वारा लगाया जाता है वह भी पूरी तरह से सजकर तैयार है केवल इन्तजार है तो सर्दी पड़ने का। शहर में लगने वाले ऊनी वस्त्र बाजार में यह बाजार अपनी अलग ही विशेषता लिए होता है। अतः शहरवासी भी सर्दी के सीजन में बाजार जाने से नहीं चूकते।

## त्यौहारों से पहले कपड़ा बाजार गुलजार होना शुरू

**मुजफ्फरनगर / अजय कुमार सिंघल**

पश्चिमी उत्तरप्रदेश की मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, मेरठ आदि प्रमुख कपड़ा मार्केट्स में आशा के अनुरूप ग्राहकी शुरू हो गई है। थोक एवं खुदरा दोनों क्षेत्र में ही अच्छी खासी बिक्री सूटिंग, शर्टिंग, लेडीज सूट, ड्रेस, साड़ी, रेडीमेड गारमेण्ट, हैण्डलूम, गरम सेगमेंट प्रत्येक में अच्छी खासी ग्राहकी देखी गई। रिटेल में काम निकलने के बाद व्यापारियों के चेहरों पर रोनक नजर आने लगी। यद्यपि अभी भी व्यापारियों का एक तबका पेमेंट की तंगी से जूझ रहा है। जो खुदरा व्यापारी सिस्टम बनाकर काम करते हैं उन पर थोक विक्रेताओं की पुरानी पेमेंट ओवरड्यू नहीं है, लेकिन कुछ बगैर सिस्टम चलने व्यापारियों पर थोक विक्रेताओं की पुरानी पेमेंट ओवरड्यू बनी हुई है। मुजफ्फरनगर के प्रतिष्ठित प्रसिद्ध व्यापारियों में श्री विनोद डाबर, श्री हितेश डाबर, श्री संजीव गोयल, श्री गुलाटी जी, श्री राजेश कुमार, श्री अमित सिंघल, श्री आशीष सिंघल, श्री राकेश कंसल, श्री योगेश सिंघल व प्रतिष्ठित ब्रोकर श्री घनश्याम पालीवाल, श्री पवन बत्रा, श्री अजीत दीक्षित, श्री लक्ष्मण रस्तौगी, श्री के पी त्यागी, श्री सुदर्शन खरबंदा, श्री अमृत राठी के अनुसार कामकाज निकल गए हैं और आगे भी स्पीड पकड़ेंगे।

## आगामी समय आशानुरूप अच्छा होगा

**बरेली / राजीव अरोड़ा...** होलसेल कपड़ा व्यापारियों से बात की। उससे ज्ञात हुआ कि आगामी सीजन व्यापार के लिये अच्छा होगा। बरेली में व्यापारी पुल निर्माण से परेशान होने के बावजूद कपड़ा के भविष्य यानि नवम्बर-दिसम्बर बिक्री से काफी आशान्वित है। यहाँ सूट और साड़ी की बिक्री बहुत समय से हल्की चल रही है परन्तु अब साहलंग के कारण नवरात्री में खरीद करने की योजना बना रहे हैं। वर्तमान में व्यापारीयों की रकम न आने के कारण परेशान है। आगामी सीजन में तो व्यापारी उधार कम से कम बेचने का विचार कर रहे हैं। बरेली में मेरठ के सूट की डिमाण्ड बराबर बनी हुई है और आगे इन सूटों की डिमाण्ड अच्छी होगी। यह सूट सस्ती रेंज की ही डिमाण्ड में आ रही है। साड़ी फाल और ब्लाउज के अस्तर की डिमाण्ड भी आगे और रहेगी। नवरात्री होने पर लाल रोटो की डिमाण्ड बराबर बनी हुई है। लाल टूल की मागं भी आ रही है। बालोतरा की पोपलीन डिमाण्ड अब कमजोर है और अगले माह अच्छी डिमाण्ड की उम्मीद है।




# गरम माल की बिक्री चालू


**सतना / बलराम शुक्ला**

इस समय व्यापार थोड़ा मंद चलता है कोई नयी बात नहीं है। श्राद्ध पक्ष में प्रतिवर्ष व्यापार शून्य रहता है थोक वस्त्र विक्रेता इस समय अपनी-अपनी तैयारियों में व्यस्त रहते है लगभग सभी व्यापारियों द्वारा खरीददारी हो चुकी है दुकान व गोदाम फुल है इंतजार है तो सिर्फ फुल ग्राहकी का है। इस समय शॉल, लोई, कम्बल, रजाई, दोहर तथा कम्फर्टर बिक रहा है। सुपर शॉफ्ट



ब्लैंकेट, डबल प्लाई ब्लैंकेट, मिंक ब्लैंकेट बिक रहे है। इस वर्ष नुकसान है तो सिर्फ बुरहानपुर, उज्जैन के व्यापारियों को क्योंकि सबसे ज्यादा मारकीन उज्जैन और बुरहानपुर की बिकती थी जो रजाई कम्बल की खोल बनाने के काम आती थी प्लेन मारकीन के बाद पीसी चेक्स बाजार मे आया और खूब धूम से बिका लेकिन इस वर्ष उस पर भी ब्रेक लग गया है क्योंकि रजाई के खोल मे प्रिंट माल बिकने लगा है जिसका उत्पादन अहमदाबाद में हो रहा है। 60'' 58'' माल की डिमांड ज्यादा है।








# इचलकरंजी पावरलूम एसोसिएशन का ज्ञापन

**कोल्हापुर / राहुल खाड़े**

पोकल थकबाकी पर होने वाला ब्याज और जुर्माने का भुगतान करने के लिए पावरलूम धारकों पर दबाब डालकर, वह नहीं भरा तो उनका बिजली कनेक्शन बंद नहीं करे ऐसा ज्ञापन दि इचलकरंजी पावरलूम एसोसिएशन की ओर से महावितरण के कार्यकारी अभियंता को सौंपा है। इसमें कहा है कि 27 एचपी के ऊपर वाले जिन पावरलूम धारको ने ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नहीं किया था उनका दिसंबर 2021 और जनवरी 2022 के बिजली बिल की पोकल थकबाकी रकम बिजली बिल से कम की गई। लेकिन उस पर ब्याज और जुर्माना कम नहीं हुआ है। पावरलूम धारकों के अब भी बिजली बिल में पोकल थकबाकी आ रही है। इसके बारे में पावरलूम धारकों के बिल में आने वाली पोकल थकबाकी कम करने के बारे में ज्ञापन इससे पहले महावितरण के कार्यकारी अभियंता के साथ मुंबई स्थित वाणिज्य कार्यालय में चार बार भेजा है। लेकिन इस पर उनका कोई जबाब नहीं आया है।

पोकल थकबाकी की रकम राज्य सरकार ने महावितरण को दी है। यह विषय सरकार और महा वितरण के बीच है। इसमें कारखानदारों का कोई संबंध नहीं है। ऐसे में पोकल थकबाकी कारखानदारों से वसूल नहीं की जा सकती। इसके बारे में कोई भी मांग नही की जा सकती। साथ ही इसके लिए बिजली कनेक्शन भी नहीं काटा जा सकता। विधायक श्री प्रकाश आवाड़े ने भी इसके बारे में सूचना दी है लेकिन बीते कुछ दिनों से महावितरण के कर्मचारी पोकल थकबाकी का भुगतान नहीं किया तो बिजली काट देने की धमकी दे रहे है। किसी भी पावरलूम धारक की बिजली नहीं काटे, नही तो कानून और सुव्यवस्था का सवाल खड़ा हो सकता है। जिससे औद्योगिक माहौल बिघड़ेगा ऐसा अध्यक्ष श्री चंद्रकांत पाटील ने कहा।





















## त्यौहारी सीजन के चलते मार्केट में अच्छी ग्राहकी

**ब्यावर / अनिल डोसी...** मार्केट में ग्राहकी शुरू हो गई है। इस बार दशहरा और दीपावली का त्यौहार आने से अच्छी ग्राहकी होने की उम्मीद है। सर्दी का सीजन शुरू हो चुका है। दिसावर से रेग्युलर नया माल आने लगा है। जिनमें शॉल, लोई, स्वेटर, मौजे, ग्लब्स, ब्लेजर, मफलर इत्यादि की आवक शुरू हो चुकी है। इस बार सूटिंग-शर्टिंग कॉन्फ्रेंस में अच्छी ब्रिकी हुई है। सूरत से ड्रेस मटेरियल, साड़ियाँ, सलवार सूट, ब्लाउज पीस फैंसी, डाणी, टोरा-टोरा जो 20×20, 50×50 की साइज में प्लेन व अच्छी वर्क में हैं। जिनकी लगातार डिमाण्ड है।






For Agent/Dealer/Franchise store enquiries, reach us at: Call: +91 9340605633 | Whatsapp: +91 9992514747
Write to: helloburgoyne@wfbindia.com | AVAILABLE AT ALL LEADING RETAIL OUTLETS

Follow us on /@Burgoyneindia | www.burgoyne.co
**Burgoyne** & **BAIRD Cotton** are registered trademarks of **WFB BAIRD & COMPANY (INDIA) PVT. LTD.**

HOUSE OF BURGOYNE IRELAND
ESTD. 1912

# सूटिंग उत्पादक कम्पनी सीताराम इंडिया लि. द्वारा डिस्प्ले बुकिंग कॉन्फ्रेंस का सफल आयोजन





भीलवाड़ा/ देश की जानी-मानी सूटिंग कंपनी सीताराम इंडिया लि. द्वारा हाल ही में आठ दिवसीय फैब्रिक बुकिंग कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह आयोजन अंतरराष्ट्रीय ट्यूरिस्ट स्पॉट गोवा में होटल रेजेंटा सेन्ट्रल इम्पिरियल केन्डोलिम में संपादित हुआ। कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ कंपनी के डायरेक्टर श्री मधुसूदन नुवाल द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस दौरान कई सम्मानीय व्यापारीगण उपस्थित थे। 8 दिन लगातार चले इस कॉन्फ्रेंस में एमपी, यूपी, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, राजस्थान एवं हरियाणा से लगभग 450 होलसेलर्स एवं रिटेलर्स ने शिरकत की एवं उत्साहपूर्वक बुकिंग कराई। श्री नुवाल ने बताया कि कॉन्फ्रेंस का उद्देश्य आगामी सीजन के मद्देनजर कंपनी निर्मित क्वालिटी ब्राण्ड्स को उपभोक्ता तक पहुँचाना था। कॉन्फ्रेंस के दौरान कंपनी के उत्पादों का डिस्प्ले माध्यम से भव्य प्रदर्शन किया गया। इस दौरान हमारी प्रमुख क्वालिटियों में टीआर, पीवी, सीवी, पोलीलाइक्रा, snz, हाई ट्विस्ट, Silky Rayon, printed slub, की व्यापारियों ने बेहतर बुकिंग कराई एवं कंपनी का उद्देश्य सफल रहा।




## सांस्कृतिक आयोजन एवं भ्रमण

व्यापारियों ने व्यापार के अलावा कॉन्फेंस के दौरान आयोजित सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम का भी लुफ्त उठाया एवं गोवा के रमणीक स्थलों का भरपूर आनंद लिया इस दौरान बोट क्रूज एवं कसीनो का भी लुफ्त लिया। कार्यक्रम के समापन्न के दौरान कंपनी प्रबंधन एवं सेल्स टीम द्वारा सभी व्यापारियों का आभार व्यक्त किया एवं व्यापारियों द्वारा भी कंपनी के प्रोडक्ट्स की श्रेष्ठता होने पर विश्वास व्यक्त किया एवं कंपनी के प्रबंध कार्य की भी सराहना की।










# सूरत कपड़ा बाजार में अच्छी ग्राहकी का दौर जारी

## फैंसी डाइड साड़ीज, लहंगे एवं वैल्यू एडेड फैब्रिक में नए क्रिएशन की मांग

**सूरत/ सत्य प्रकाश**

सूरत के कपड़ा बाजार में दीपावली एवं लग्नसरा की ग्राहकी से माहौल खुशनुमा बना हुआ है। कपड़े की सभी किस्मों में अभी अच्छी ग्राहकी का दौर जारी है। लगातार मंदी की मार से जूझ रहे सूरत टेक्सटाइल उद्योग के लिए इस बार दीपावली का सीजन नई उम्मीद लेकर आया है। जिन निर्माताओं ने सीजन की अच्छी तैयारी कर रखी थी उनके पास इस समय अच्छी ग्राहकी है। बाजार सूत्रों के अनुसार सूरत में इन दिनों पूरे भारत से कपड़ा व्यापारी खरीदी करने आ रहे हैं। फैंसी साड़ियों में टॉप टू बॉटम रेंज में डिमाण्ड है। लहंगा, चुन्नी, ब्लाउज एवं वैल्यू एडेड फैब्रिक में व्यापारी ज्यादा रुचि दिखा रहे हैं। वैसे कहा जाता है कि दीपावली एवं इसके शीघ्र बाद आने वाले वैवाहिक सीजन की तैयारी भी व्यापारी दीपावली की खरीदी के दौरान ही करते हैं। ऐसे में व्यापारियों को सभी तरह की रेंज में खरीदी करनी होती है। यहीं वजह है कि दीपावली के इस सीजन में हर चीज बिकती है। वैसे बाजार परिचर्चा के दौरान हमें जानकारी मिली कि इस समय फैंसी डाइड साड़ियों में हैवी वर्क वाली डिजाइनर साड़ीज में नए कॉन्सेप्ट को ज्यादा पसंद किया जा रहा है। साड़ियों में इस बार नए प्रकार के फैब्रिक्स लॉन्च हुए हैं। जिनकी इस समय अच्छी ग्राहकी है। इसी तरह लग्नसरा के चलते लहंगों में भी हैवी मीडियम रेंज के डिजाइनर कलेक्शन की भरपूर माँग बनी हुई है। बाजार सूत्रों के अनुसार ग्राहकी की यह रफ्तार दीपावली तक कायम रहने वाली है। इसके बाद भी देवउठनी ग्यारस के लग्न सीजन के पश्चात वापस मलमास से पुनः खरीदी अच्छी रहने की उम्मीद जताई जा रही है। वैसे इस समय तो रिंग रोड के सभी कपड़ा बाजारों सहित सारोली स्थित कपड़ा बाजारों में पार्सल ढुलाई का काम देर रात तक चल रहा है। कपड़ा व्यवसायी, एजेंट्स एवं दिसावर से आया कपड़ा व्यापारी भी देर रात तक व्यावसायिक गतिविधियों में व्यस्त हैं।

### यह दौर लंबे समय तक रहने की उम्मीद

लंबे समय बाद अच्छी ग्राहकी निकलने से कपड़ा व्यवसाय से जुड़े हर व्यक्ति में नयी ऊर्जा का संचार हुआ है। सूरत में बनने वाले हर परिधान अर्थात् फैंसी साड़ियों से लेकर लेडीज फैशन के लिए बनने वाले परिधान जैसे लहंगे, गाउंस, कुर्तीज, वेस्टर्न गारमेंट्स, लेडीज सूट, ड्रेस मटीरियल इत्यादि में अच्छा कामकाज हो रहा है। बाहर से आने वाले व्यापारियों की बड़ी संख्या एवं सूरत के उत्पादकों की अच्छी तैयारी से यह सीजन अब लंबा चलेगा ऐसी उम्मीद जताई जा रही है। बाजार सूत्रों के अनुसार दीपावली की अच्छी खरीदी के बाद अब व्यापारी देवउठनी ग्यारस से शुरू हो रहे लग्नसरा सीजन के लिए भी जमकर खरीदी कर रहें हैं। हालांकि इस समय स्थानीय व्यवसायी जिन व्यापारियों का पेमेंट समय पर आता है उन व्यापारियों को माल देने में रुचि दिखा रहे हैं। स्थानीय एजेंट्स आने वाले व्यापारियों को पूरी शिद्दत के साथ मार्केट की विजिट करवा रहे हैं।

### रविवार को भी खुले रहेंगे बाजार

दीपावली एवं शादियों के सीजन की अच्छी ग्राहकी के मद्देनजर सूरत कपड़ा व्यवसायियों के प्रमुख संगठन फेडरेशन ऑफ सूरत टेक्सटाइल ट्रेडर्स एसोसिएशन (फोस्टा) ने 12 नवंबर तक रविवार को कपड़ा मार्केट खुला रखने का अहम फैसला किया है। बाहर से खरीदी करने आने वाले व्यापारियों एवं स्थानीय सप्लायर्स ने इस फैसले का स्वागत किया है। फोस्टा अध्यक्ष श्री कैलाश हाकिम ने कहा कि, कपड़ा बाजार में इस समय दीपावली एवं शादियों के सीजन की अच्छी खरीददारी चल रही है। जिससे इस सीजन में सूरत मंडी के उत्पादकों को अच्छे व्यापार की उम्मीद है। इसी वजह से रविवार को कपड़ा मार्केट खुला रखने का फैसला किया है। रविवार को पार्सल ढुलाई का काम भी जारी रहेगा।

## त्योहारी एवं वैवाहिक सीजन की अच्छी खरीदारी से बाजार में उत्साह -श्री अनिल अग्रवाल



''सूरत में इन दिनों सीजनल ग्राहकी का अच्छा दौर चल रहा है। विगत एक-डेढ़ माह से दुर्गा पूजा, दीपावली की ग्राहकी चरम पर रही और अब वैवाहिक सीजन की ग्राहकी जोरों पर है। फैंसी साड़ियों एवं लेडीज सूट्स में प्रीमियम रेंज की मांग अच्छी चल रही हैं। व्यापारी नई रेंज को ज्यादा पसंद कर रहा है।'' ये विचार व्यक्त करते हुए 'विपुल साड़ीज' की निर्माता कंपनी अयान ट्रेंड्स प्रा.लि. के डायरेक्टर श्री अनिल अग्रवाल ने बताया कि ग्राहकी पिछले साल की अपेक्षा डाउन है परंतु आगे लंबा सीजन होने से टारगेट पूरा होने की प्रबल संभावना है। वैसे हमने इस साल सीजन को लेकर काफी अच्छी तैयारी की थी, जिसका फायदा भी हमारी कंपनी को मिला है।

विदित है कि टेक्सटाइल इंडस्ट्री में विपुल का 50 वाँ सफल वर्ष चल रहा है। कंपनी ने हाल ही दिल्ली में गोल्डन जुबली सेलिब्रेट भी किया था। जिसमें कंपनी के देशभर के व्यापारियों ने शिरकत की थी।

भरपूर सीजन के इस दौर में जब मैने श्री अनिल अग्रवाल से बात की तो बेहद संजीदगी एवं सहजता के साथ बात करते हुए श्री अग्रवाल ने कहा कि आगामी सीजन को लेकर हमें आशावान बने रहने के साथ-साथ नए-नए कॉन्सेप्ट पर काम करते रहना है जिससे हम लेडीज फैशन की हर कसौटी पर खरा उतर सके। आगे 5-6 महीने का लंबा त्योहारी एवं वैवाहिक सीजन है जिसके लिये हम व्यापक स्तर पर नए डवलपमेंट कर रहे है। साड़ियों में हम नए-नए कॉन्सेप्ट पर काम कर रहे हैं, एंब्रॉयडरी एवं डाइड वर्क साड़ीज में वेडिंग एवं पार्टी वियर कलेक्शन नया बनाया है। वहीं लेडीज सूट्स में भी फ्रेश कलेक्शन लॉन्च किया है।

दुर्गा पूजा एवं दीपावली सीजन की अच्छी बिक्री दर्ज करने के बाद अभी हमारी कंपनी के पास वेडिंग सीजन के अच्छे ऑर्डर्स आ रहे हैं। दिसावर से होलसेलर्स एवं एजेंट्स के आने का दौर जारी है। हालांकि अब व्यापारी वैवाहिक सीजन को ध्यान में रखकर खरीदी कर रहे हैं। दीपावली पश्चात देवउठनी ग्यारस से शुरू होने वाले लग्नसरा के लिए कंपनी ने फैंसी डाइड वर्क साड़ीज में विस्तृत रेंज बनाई है, वहीं लेडीज सूट्स में भी हैवी प्रीमियम रेंज ऑफर की है। जिसकी अच्छी डिमांड बनी हुई है।

### श्री भंवर लाल जांगिड़, बी डी एजेंसी, सूरत



विगत दो माह से सूरत कपड़ा बाजार में अच्छी ग्राहकी है। बाजार में लंबे समय से जो निराशा का दौर चल रहा था वो खत्म हो चुका है और अब सभी तरह के परिधानों में अच्छी ग्राहकी निकलने से बाजार में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। दुर्गा पूजा, करवाचौथ एवं दीपावली त्योहार के चलते व्यापारियों ने इस बार हैवी मीडियम रेंज की फैंसी डिजाइनर साड़ीज की अच्छी खरीदी की है। इसके अलावा अब व्यापारी आगामी वैवाहिक सीजन के लिए 5000-25000 रुपए तक के लहंगे खरीद रहे हैं। हमारे पास इस समय राजस्थान, छत्तीसगढ़, दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश से होलसेल व्यापारी खरीदी करने आ रहे हैं। इस बार फैंसी माल में ग्राहकी अच्छी है। ये ग्राहकी दीपावली तक जारी रहेगी। उसके बाद अगले साल आने वाले वैवाहिक सीजन की ग्राहकी अच्छी रहने की पूरी उम्मीद है।

### श्री शंकर वाधवानी (शंकु भाई), बाशोमल मेघराज, सूरत



बाजार में जोरदार ग्राहकी है विगत एक माह से सूरत के हर कपड़ा मार्केट में व्यापारी खरीदी करने पहुँच रहे हैं। त्योहारी सीजन की ग्राहकी परवान पर है, साथ ही शादियों के सीजन का भव्य आगाज हो चुका है। विगत पखवाड़े में व्यापारियों ने दुर्गा पूजा, करवा चौथ एवं दीपावली के लिए खरीदी की। अब दिसावर में रिटेल में भी बाजार अच्छा चलने से व्यापारी आगामी वैवाहिक सीजन की खरीदी के लिए पुनः लौट रहे हैं। इस समय पूरे इण्डिया से व्यापारी सूरत खरीदी करने पहुँच रहे हैं। फैंसी साड़ियों में बंपर ग्राहकी है। हैवी रेंज में 1500-3000 रूपए तथा मीडियम रेंज में 700-1500 रुपए रेंज की अच्छी बिक्री है। सूरत के उत्पादकों ने भी सीजन की अच्छी तैयारी कर रखी थी, जिसका फायदा मिलता नजर आ रहा है। वैसे तो इस समय हर एक सप्लायर के पास अच्छा काम होता परन्तु बड़े ब्राण्ड्स ने अच्छी बिक्री दर्ज की है और ग्राहकी का अनवरत दौर जारी है।

### श्री जितेंद्र विजयवर्गीय, नमोकारा एजेंसी, सूरत



श्राद्ध पक्ष से ग्राहकी का अच्छा दौर शुरू हुआ, जो अब तक अनवरत जारी है। फैंसी साड़ियों में सभी तरह की रेंज की इस समय अच्छी मांग है। करवा चौथ एवं दीपावली त्योहार के चलते व्यापारियों ने हैवी रेंज की साड़ियों की ज्यादा खरीदी की है। नए तरह के फैब्रिक जैसे मैजिक डाइड वर्क, ग्लास वर्क, गोल्ड कॉइन फैब्रिक्स में व्यापारियों ने ज्यादा रुचि दिखाई। सीजन के शुरुआत में व्यापारियों ने त्योहारी सीजन की खरीदी की परंतु अब व्यापारी आगामी वैवाहिक सीजन के लिए फैंसी साड़ीज में डाइड वर्क साड़ीज एवं फैंसी डिजाइनर लहंगों में हैवी वर्क रेंज को ज्यादा पसंद कर रहे हैं। कुल मिलाकर इस वर्ष सीजन अच्छा जा रहा है। आगे भी बड़ी संख्या में शादियाँ होने से ये सीजन लम्बा चलने की प्रबल संभावना है।

## महेंद्र ट्रेडर्स के नए ऑफिस का शुभारंभ





**सूरत/** विगत 70 वर्षों से कपड़ा व्यवसाय में कार्यरत अग्रणी होलसेल संस्थान महेंद्र ट्रेडर्स, इन्दौर ने सूरत में रिंग रोड स्थित इंडिया मार्केट में अपना नया ऑफिस शुरू किया है, जिसका विगत 16 सितंबर को विधिवत पूजा अर्चना के साथ लक्ष्मीपति ग्रुप के एमडी श्री संजय सरावगी एवं बाल किशन ग्रुप के श्री श्यामजी कोकरा ने अपने कर कमलों से शुभारंभ किया। अतिथियों का स्वागत महेंद्र ट्रेडर्स के ऑनर श्री प्रहलाद गर्ग, श्री आशीष गर्ग एवं नई पीढ़ी की युवा आशी गर्ग ने माला एवं पगड़ी पहना कर किया। इस अवसर पर सूरत के कई गणमान्य व्यक्तियों ने महेंद्र ट्रेडर्स परिवार को शुभकामनाएं दी तथा आशीर्वाद प्रदान किया। विदित है कि महेंद्र ट्रेडर्स विगत 70 वर्षों से होलसेल कपड़ा व्यवसाय में संलग्न है। संस्थान पर फैंसी साड़ीज, सलवार सूट्स, लहंगा-चुन्नी, यूनिफॉर्म साड़ीज जैसे महिला परिधानों का काम किया जा रहा है।











### ब्राइडल एवं पार्टी वियर लहंगों के निर्माता

## प्रभूजी हरे कृष्णा आर्ट के नए कलेक्शन की अच्छी मांग



श्री नरेश साचापरा


सूरत/ डिजाइनर लहंगों के प्रमुख निर्माता 'प्रभूजी हरे कृष्णा आर्ट' ने आगामी वैवाहिक सीजन के लिए ब्राइडल एवं पार्टी वियर लहंगों की विशाल रेंज तैयार की है। सूरत मंडी में एक्सक्लूसिव लहंगों के उत्पादन में सिद्धहस्त यह कंपनी लेडीज फैशन के प्रमुख परिधान लहंगे को बेहद आकर्षक अंदाज में तैयार करने के लिए जानी जाती है। कंपनी को वैवाहिक सीजन को लेकर की गई बेहतर तैयारी का फायदा भी अच्छी बिक्री के रूप में मिल रहा है। कंपनी के युवा डायरेक्टर श्री नरेश साचापरा ने बताया की शादी-विवाह एवं मांगलिक अवसरों के लिए 'प्रभूजी हरे कृष्णा आर्ट' आकर्षक डिजाइनर लहंगों में वाइडेस्ट रेंज बनाती है। भारत में महिलाओं के सबसे पसंदीदा परिधान को उम्दा एवं आकर्षक बनाने के लिए हमारी कंपनी नियमित डवलपमेंट करती रहती है। आगामी वैवाहिक सीजन के लिए ब्राइडल एवं पार्टी वियर लहंगों में आकर्षक रेंज पेश की है जिसकी बाजार में अच्छी मांग बनी हुई है।



### वैवाहिक सीजन के लिए खास रेंज

प्रभूजी हरे कृष्णा आर्ट ने आगामी वैवाहिक सीजन के लिए बेहद खास रेंज तैयार की है। जिसमें ब्राइडल लहंगे के साथ दो दुपट्टे (वेलवेट एवं नेट) हैवी लटकन 5-6 मीटर के घेरे में उपलब्ध कराए जा रहे हैं। दुल्हन के लिए कंपनी ने रजवाड़ी कॉन्सेप्ट पर आकर्षक डिजाइन बनाए हैं। 2000 से 25000 रुपये तक के रेंज में सर्वोत्तम रेंज तैयार की है। नेट, वेलवेट, जॉर्जेट, प्योर सिल्क इत्यादि फैब्रिक्स में कंपनी ने खास रेंज तैयार की है। यहीं नहीं कंपनी ने इस बार हर लहंगे के साथ सेम कलर के सूज भी तैयार किये है इसके अलावा कंपनी ने ब्राइडल लहंगों को बेहतर रख-रखाव के लिए डिजाइनर बॉक्स तैयार किए हैं जो लहंगों के साथ दिए जा रहे हैं। कंपनी ने हाल ही मुजफ्फरपुर बिहार में एक एग्जीबिशन भी की है, जहाँ अच्छी बुकिंग मिली। वहीं इस समय कंपनी के पास अच्छे ऑर्डर्स हैं।




J.HAMPSTEAD
WORLD'S FINEST FABRIC & APPAREL
A DIFFERENT LEAGUE
Featuring
Dino Morea
THE FASHION ICON
SCAN THE QR CODE TO VIEW THE VIDEO
PLEASE FOLLOW THE STEPS TO SCAN THE QR CODE
1 Open Google Lens.
2 Tap the magnifying glass icon.
3 Point your camera at the QR code.
4 Tap the pop-up that appears to view the QR code content.
Available at J.Hampstead Exclusive Brand Outlets: Borivali | Navi Mumbai | Nawanshahr (Punjab) | Palanpur | Ratlam | Vadodara | Gwalior
Also, available at all leading retail outlets and Siyaram's SHOP across the country.
For trade/corporate enquiries, contact: 022-68330500. | Toll-free No.: 1800 209 4005. For franchise enquiries, contact: +91 98333 67616.
Email: enquiries.jhampstead@siyaram.com | Follow us on:

# इचलकरंजी यार्न एक्सपो-02 में व्यापारियों ने लिया उत्साह से भाग





## बड़ी यार्न मिलों ने किया भव्य डिस्प्ले

**इचलकरंजी/ ललित शर्मा**

स्थानीय वस्त्र मण्डी से ग्रे फैब्रिक्स भारत की तमाम मण्डियों में डिमाण्ड के साथ सप्लाई किया जाता है। यहाँ के उत्पादनकर्ता हमेशा नये-नये इनोवेशन में आगे रहते हैं। धीरे-धीरे नई जनरेशन आने से और नया डवलपमेण्ट यहाँ देखने को मिल रहा है। अब यहाँ ग्रे फैब्रिक्स के साथ फिनिश शर्टिंग, कुर्ते क्लॉथ तथा लॉन क्लॉथ का कार्य बड़े पैमाने पर होकर बड़े-बड़े गारमेण्टर्स को सप्लाई किया जा रहा है।हाल ही में इचलकरंजी कार्यरत शटललेस फैब्रिक्स मैन्युफेक्चरर्स एसोसिएशन (ISFMA) द्वारा 10 व 11 अक्टूबर, 2023 को भव्य यार्न एक्सपो-02 का आयोजन सांस्कृतिक भवन (स्टेशन रोड) पर किया गया। इस भव्य एक्सपो के उद्घाटनकर्ता प्रसिद्ध यार्न व्यापारी श्री अरूण गोयनका, लेझिंग ग्रुप के सीनियर कॉमर्शियल डायरेक्टर श्री अविनाश माने, डायमण्ड ग्रुप के चेयरमैन श्री अभिजीत गुप्ता, सिद्धि विनायक कॉटन किंग के डायरेक्टर श्री राजेश मेहता की उपस्थिति में फीता काट कर इस एक्सपो का शुभारम्भ किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री अनिल गोयल, सचिव श्री किशोर कुमार, उपाध्यक्ष श्री धवल देसाई व संचालक श्री गोरखनाथ सावंत ने बताया इस एक्सपो में देशभर की सभी प्रतिष्ठित 43 यार्न मिलों ने अपने उत्पादों का भव्य डिस्प्ले किया, जिसे दो दिन में लगभग 2500 व्यापारियों द्वारा विजिट किया गया जिसमें कॉटन, पॉलिएस्टर, विस्कॉस, लिनन, टेनसील यार्न को देखकर व्यापारी मंत्रमुग्ध रह गये। इस सम्पूर्ण एक्सपो में सूरत, भिवण्डी, मुम्बई, मालेगाँव, सोलापुर, बेलगाँव व बीटा से वीवर्स, यार्न ट्रेडर्स, यार्न ब्रोकर्स, कपड़ा ब्रोकर्स एवं डिजाइन्र्स पधारे और एक नई ऊर्जा का संचार लेकर गये।

### विशेष सहयोग

एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री अनिल गोयल ने बताया कि वैसे इस कार्यक्रम में सभी व्यापारियों का भरपूर सहयोग मिला, लेकिन विशेष सहयोगी के रूप में एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी, संचालक महोदय श्री धवल देसाई, श्री किशोर कुमार मुंदड़ा, श्री दीन दयाल झँवर, श्री संजय पाटनी, श्री सचिन झँवर, श्री रवि शंकर पंचलोरिया, श्री महावीर जैन, श्री प्रमोद सोमानी, श्री विजय पुरोहित, श्री ब्रजेश मंत्री, श्री सर्वेश बांगड़, श्री सुनील सारड़ा, श्री कुनाल गौरपौडे, श्री संजय कासलीवाल के अलावा स्थानीय टेक्सटाइल कॉलेज डीकेटीई के सभी छात्र-छात्राओं का भरपूर सहयोग मिला।

## विशेष मार्गदर्शन | टेक्सटाइल उद्योग में काफी सम्भावनाएँ -श्री विकास तोदी

इस फेयर के दौरान टेक्सटाइल इण्डस्ट्रिज में ब्राण्डिंग एवं ऑनलाइन मार्केटिंग के लिए श्री अविनाश माने सीनीयर कॉमर्शियल डायरेक्टर लेझिंग ग्रुप, प्रतिष्ठित यूनिफॉर्म एवं शर्टिंग फैब्रिक कम्पनी स्पर्शफेब के डायरेक्टर श्री विकास तोदी, श्री कार्तिक चौधरी (क्रिएटिव डायरेक्टर इनस्पेक मिडिया) एवं श्री प्रतीक गाडिया (फाउण्डर एवं सीईओ द यार्न बाजार) द्वारा इस पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान श्री विकास तोदी ने टेक्सटाइल उद्योग के ब्राण्डिंग पर विशेष जोर देते हुए कहा कि टेक्सटाइल उद्योग में काफी सम्भावनाएँ आज भी मौजूद है इसे दिनों-दिन आगे बढ़ाने तथा अपने ब्राण्ड को विश्वपटल पर ले जाने हेतु हमें काफी प्रयास करने चाहिए। आज निरन्तर ऑनलाइन मार्केटिंग पर सभी बड़े ब्राण्ड जोर दे रहे हैं। हमें भी इसी प्रकार नयी सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए। जिसे सुनकर उपस्थित सभी अतिथियों एवं डीकेटीई के छात्र छात्राएँ काफी प्रभावित हुए।



























# टेसीटुरा मोंटी इंडिया ने किया सिंडिकेट डीलर्स मीट का आयोजन

## प्रीमियम शर्टिंग फैब्रिक में पेश किए नए डवलपमेंट्स : डीलर्स ने कराई रिकॉर्ड बुकिंग



**कोल्हापुर/** भारत स्थित वर्ल्ड फेमस इटेलियन टेक्सटाइल कंपनी टेसीटुरा मोंटी इंडिया प्रा.लि. ने हाल ही 26 से 28 सितंबर को कोल्हापुर स्थित प्लांट में सिंडिकेट डीलर्स मीट का आयोजन किया। भारत के सभी अधिकृत डीलर्स के लिए आयोजित की गई इस कॉन्फ्रेंस का विधिवत शुभारंभ कंपनी के युवा मैनेजिंग डायरेक्टर श्री आकाश जैन ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान कुछ समय के लिए कंपनी के चेयरमैन श्री जोधराज ने कॉन्फ्रेंस में पहुंच कर डीलर्स से मुलाकात की तथा कम्पनी के उत्पादों के बारे में संवाद करते हुए देते हुए उन्हें आश्वस्त किया। प्लांट हेड श्री हेमंत कुलकर्णी ने आमंत्रित डीलर्स को टेसीटुरा मोंटी इंडिया प्रा. लि. के मॉडर्न टेक्नोलॉजी से सुसज्जित कोल्हापुर स्थित प्लांट विजिट करवाया तथा कंपनी की प्रॉडक्शन यूनिट के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कंपनी द्वारा बनाए जा रहे प्रीमियम लग्जरी गीजा एवं सुपीमा कॉटन शर्टिंग फैब्रिक निर्माण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्रदान की। कंपनी के प्रोसेसिंग हेड श्री सुभाष करमाकर ने प्रोसेसिंग से संबंधित जानकारी साझा की तथा कंपनी द्वारा उत्पादित की जा रही लग्जरी शर्टिंग फैब्रिक उत्पादन की बारीकियों से व्यापारियों को अवगत कराया। विदित है कि टेसीटुरा मोंटी इंडिया पूरे विश्व में 100 प्रतिशत गीजा एवं सुपीमा कॉटन शर्टिंग फैब्रिक उत्पादन में अग्रणी कंपनी है जो लग्जरी शर्टिंग उत्पादन में लीडर मानी जाती है। इसी तरह कंपनी प्योर लिनन फैब्रिक्स उत्पादन में भी सर्वोत्तम क्वालिटी के लिए जानी जाती है। कम्पनी लिनन फैब्रिक्स के लिए यूरोपियन रॉ मटेरियल का उपयोग करती है।





**कॉन्फ्रेंस में हुई अब तक की सर्वाधिक बुकिंग...** कंपनी द्वारा आयोजित इस डीलर्स मीट में पूरे भारत से कंपनी के सिंडिकेट डीलर्स ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कंपनी द्वारा 100प्रतिशत गीजा एवं सुपीमा कॉटन शर्टिंग फैब्रिक में आकर्षक रेंज प्रस्तुत की गई। हाई क्वालिटी प्रीमियम शर्टिंग फैब्रिक में प्रदर्शित रेंज काफी सराही गई। ग्रिंडल एवं मिलांज जैसे स्पेशल यार्न से तैयार फैशनेबल डिजाइंस, स्ट्राइकिंग पेलेट्स एवं वाइब्रेंट कलर्स में नई शर्टिंग रेंज पेश की गई, जो आगामी सीजन के लिए नए आकर्षण के तौर पर प्रदर्शित की गई। कंपनी ने और भी ढेर सारे नए डेवलपमेंट पेश किए जिसमें जैकार्ड एवं प्रिंट डिजाइंस में नया कलेक्शन पेश किया गया। ओवर ऑल डीलर्स मीट काफी शानदार रही, जिसकी सभी चैनल पार्टनर्स ने सराहना करते हुए अब तक की सर्वाधिक बुकिंग करवाई।

### लिनन फैब्रिक्स के लिए बनाया जायेगा नया सिंडिकेट नेटवर्क

विश्व में सर्वश्रेष्ठ लिनन फैब्रिक उत्पादन में अग्रणी टेसीटुरा मोंटी इंडिया ने मोंटी लिनन ब्राण्ड की बिक्री के लिए नया सिंडिकेट नेटवर्क बनाने की तैयारी कर ली है। कम्पनी लिनन सेगमेंट में यूरोपियन लिनन फैब्रिक्स बना रही है जो श्रेष्ठतम क्वालिटी का होता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लिनन फैब्रिक की बिक्री के लिए कंपनी ने नई सेल्स टीम अपॉइंट की है, जिसके सेल्स हेड श्री हीरेन मवानी है जो 15 वर्षों तक लिनन क्लब एवं 10 वर्षो तक बॉम्बे रेयान में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। श्री सारनाथ सतपुते लिनन फैब्रिक के डिजाइन स्टूडियो के हेड नियुक्त किए गए है। इस तरह कम्पनी लिनन फैब्रिक बाजार पर कब्जा जमाने की तैयारी कर चुकी है।







**श्री दिलीप कोठारी, मॉडर्न इंपेक्स, बेंगलुरु**

विगत 17 वर्षों से हम टेसीटुरा मोंटी का काम कर रहे हैं। इजिप्तियन गीजा कॉटन में यह कंपनी फाइनेस्ट फैब्रिक निर्माता कंपनी है। इसके फैब्रिक की सॉफ्टनेस, ब्राइटनेस एवं डिजाइनिंग वर्ल्ड क्लास होती है। हाल ही हमने टेसीटुरा मोंटी इंडिया का कोल्हापुर स्थित प्लांट विजिट किया, नए मैनेजमेंट से मिलकर बहुत अच्छा लगा। चेयरमैन श्री जोधराज के नेतृत्व में कम्पनी काफी नए इनोवेशंस कर रही है। कॉन्फ्रेंस में नए नए आर्टिकल्स पेश किए, जिनकी सभी ने अच्छी सराहना की। ओवर ऑल हमारे लिए यह विजिट नया अनुभव रहा, कम्पनी द्वारा प्रेजेंट किए गए नए डेवलपमेंट देख कर बहुत खुशी हुई।



**श्री रजनीश कलंत्री, बजरंग क्लॉथिंग, चेन्नई**

टेसीटुरा मोंटी इंडिया के चेयरमैन श्री जोधराज अपने काम के प्रति काफी पैशनेट है, बहुत अच्छा कपड़ा बनाना सालों से इनकी पहचान रही है। इनकी पूरी टीम काम के प्रति काफी एग्रेसिव एवं डेडीकेटेड है। श्री नवीन रांका एवं श्री आकाश जैन काफी व्यवहारिक उद्यमी है। फैशनेबल एवं स्टाइलिश फैब्रिक उत्पादन में इनका कोई जवाब नहीं है। हमें टेसीटुरा मोंटी इंडिया से जुड़कर अच्छा लग रहा है। कॉन्फ्रेंस के दौरान प्लांट विजिट की तथा चार दिवसीय इस कॉन्फ्रेंस में हमें परिवार जैसी अनुभूति हुई।



**श्री सुरेश भंडारी, मोहन कलेक्शन, बेंगलुरु**

टेसीटुरा मोंटी इंडिया गीजा कॉटन में बेस्ट फैब्रिक बनाने वाली कंपनी है। काउंटर मार्केट में इसकी बहुत अच्छी पकड़ है, नाम से इसका माल बिकता है। प्रीमियम कपड़ों की चाह रखने वालों के लिए मोंटी बेस्ट ऑप्शन है। कम्पनी के चेयरमैन श्री जोधराज की मार्केट में बहुत अच्छी पकड़ है। हमे आशा है मार्केट में ये मोंटी को नई ऊंचाई पर ले जायेंगे।




**श्री आलोक मित्तल, वर्ल्ड वाइड फैशन, दिल्ली**

डीलर्स मीट के दौरान मिल विजिट का अनुभव काफी शानदार रहा। पूरा प्लांट वेल मेंटेन्ड एवं क्लीन था, पहली बार ऐसी कोई मिल देखी है जो इतनी स्वच्छ एवं सुंदर लगी। साथ कंपनी स्टाफ का समर्पित भाव काफी व्यवहारिक लगा। श्री जोधाराज, श्री आकाश जैन एवं श्री नवीन रांका का व्यवहार बहुत अच्छा लगा। कॉन्फ्रेंस में कंपनी ने काफी नए प्रसंशनीय डवलपमेंट्स पेश किए। वैसे टेसीटुरा मोंटी वर्ल्ड का सबसे बेस्ट फैब्रिक बनाती है। 100 प्रतिशत गीजा एवं सुपीमा कॉटन फैब्रिक्स में अद्वितीय रेंज के लिए पूरी दुनिया में मशहूर है।



**श्री वैभव गट्टानी, डी-कॉट फैशन, मुम्बई**

हम काफी टाइम से टेसीटुरा मोंटी का काम कर रहे हैं। पहले इसे इटेलियन कम्पनी चला रही थी, परन्तु अब नये चेयरमैन श्री जोधराज के नेतृत्व में कम्पनी काफी नये-नये इनोवेशन्स कर रही है। टेक्निकल लेवल पर भी इन्होंने काफी सुधार किये है। कम्पनी की सालों से वर्ल्ड क्लास फैब्रिक निमार्ता के रूप में जो पहचान बनी हुई है, उसे और उन्नत बनाने में नया मैनेजमेण्ट काफी अग्रेसिव है। हाल ही आयोजित डीलर्स मीट में नये डवलपमेण्ट्स देखकर काफी खुशी हुई।



## सम्पादकीय....

# युद्ध की विभीषिका में आम नागरिकों का क्या दोष

गाजा शहर के एक हॉस्पिटल पर हुए मिसाइल हमले के बाद इजराइल और ईरान के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है और युद्ध के खतरे की आशंका है। इस दौरान, अमेरिकी राष्ट्रपति जो इजराइल पहुँचे उनका यह दौरा काफी अहम् माना जा रहा है।

इजराइल-हमास युद्ध के 11वें दिन मंगलवार को गाजा शहर के एक हॉस्पिटल पर हुए मिसाइल हमले ने इस प्रकरण के सबसे मानवीय और चिंताजनक पहलू को सामने ला दिया। विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने इसे अभूतपूर्व करार दिया है। उसके मुताबिक, गाजा के 115 स्वास्थ्य केंद्र इस हमले की चपेट में आए हैं और शहर के ज्यादातर हॉस्पिटल इसकी वजह से ठप हो गए हैं। वैसे भी खबरें बताती हैं कि इजराइल की चेतावनी के बाद करीब 10 लाख लोग गाजा के उत्तरी हिस्से से दक्षिणी हिस्से की ओर चले गए हैं। संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि गाजा पट्टी के छोटे इलाके में आबादी का बड़ा हिस्सा आ गया है और वहाँ जरूरी चीजों की भारी किल्लत हो गई है। अगर मानवीय सहायता पहुँचाने की कोई टिकाऊ व्यवस्था जल्द नहीं की गई तो हालात बेकाबू हो सकते हैं। लेकिन गाजा के बाहर स्थितियों में सुधार की बात तो दूर, तनाव और बढ़ते नजर आ रहे हैं। हॉस्पिटल पर हमले के लिए हालांकि दोनों पक्ष एक-दूसरे को दोषी बता रहे हैं, लेकिन इससे आम लोगों के बड़ी संख्या में हताहत और घायल होने की सच्चाई बदल नहीं जाती। उधर, इजराइल गाजा के भीतरी इलाकों में अपनी सेना भेजकर हमास का खात्मा करने के अपने संकल्प पर अड़ा हुआ है, उनकी सेना इस अभियान को अंजाम देने के लिए आखिरी पलों की तैयारियों में जुटी है।

वहीं ईरान ने यह धमकी दे दी है कि अगर गाजा पर इजराइल के युद्ध अपराध नहीं रुके तो दुनियाभर के मुसलमान जंग में उतरेंगे और ईरान की सेना को कोई रोक नहीं पाएगा। वैसे तो इजराइल और ईरान की सीमाएं साथ नहीं लगतीं। लेकिन लेबनान का बॉर्डर इजराइल से लगता है, जहाँ के मिलिटेंट ग्रुप हिजबुल्ला की ईरान मदद करता आया है। इन सबके बीच अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन बुधवार को इजरायल पहुंच गए, लेकिन यह देखना बाकी है कि उनकी बातचीत से इजरायल के रुख में किसी तरह का बदलाव आता है या नहीं। हॉस्पिटल पर मिसाइल हमले के बाद जॉर्डन ने राष्ट्रपति बाइडेन और इजिप्ट व फिलिस्तीन के नेताओं के साथ होने वाली बैठक टाल दी है। जहाँ तक आम लोगों के विरोध प्रदर्शन की बात है तो अभी सिर्फ वेस्ट बैंक और ईरान के कुछ शहरों में यह देखने को मिला है लेकिन हॉस्पिटल पर हमले के बाद लोगों से सड़कों पर निकलने की अपीलें शुरू हो गई हैं। अगर यह सिलसिला शुरू होता है तो जनमत का दबाव उन सरकारों को भी रुख कड़ा करने पर मजबूर कर सकता है जो अभी इस मामले में कोई कदम उठाने से बचना चाहती हैं। कुल मिलाकर देखा जाए तो हमास-इजरायल युद्ध की आँच फैलने की आशंका हर पल मजबूत होती जा रही है। रूस-यूक्रेन युद्ध के नतीजों से जूझती दुनिया एक और युद्ध बर्दाश्त करने की स्थिति में नहीं है।

## कुछ नया, कुछ अलग •

# आज चारों ओर है वाई-फाई से रिश्ते...



श्री हरेश मेहता
प्रेसीडेन्ट-यश कॉटन कॉरपोरेशन
(प्रसिद्ध मार्केटिंग गुरू)

रिश्ते वाई-फाई रेंज की तरह होते हैं, जो कुछ समय में मजबूत हो सकते हैं, तो कभी-कभी कमजोर भी हो सकते हैं। हममें से कई लोगों ने अपने जीवन में यही अनुभव किया है। रिश्ते हमारे घर, परिवार समाज में वाई-फाई कनेक्शन की तरह ही जटिल, भ्रमित करने वाले और कभी-कभी निराशाजनक हो सकते हैं। यह रिश्तों की तरह ही संबंध और वियोग के बीच निरंतर लड़ाई है।

जब हम किसी से पहली बार मिलते हैं तो, पहली बार वाई-फाई नेटवर्क के जुड़ने जैसा होता है। सिग्नल मजबूत और कनेक्शन तत्काल होता है। हम स्वयं को खुश और आनंदित महसूस करते हैं ठीक वैसे ही, जैसे बिना किसी रुकावट के कोई वेबसाइट खोलते हैं। हमें ऐसा महसूस होता है जैसे हमने अपनी सभी समस्याओं का तत्काल समाधान ढूँढ लिया है। हम हर संबंध को संजोते हैं और अगर प्यार करते है तो प्यार में होने के उत्साह का आनंद लेते हैं।

लेकिन, जैसे-जैसे समय वाई-फाई की तरह बीतता जाएगा, कनेक्शन भी फीका पड़ने लगेगा। सिग्नल कमजोर होने लगता है और जिस व्यक्ति से हम कभी प्यार करते थे, उससे हमारा संपर्क धीरे-धीरे टूटने लगता है। हम शायद इसका कारण नहीं जान पाते, कि यह किसकी गलती है। लेकिन वाई-फाई की तरह, हम समस्या निवारण द्वारा कनेक्शन को फिर से जीवंत करने का प्रयास करते हैं। हम रिश्ते को फिर से शुरू करने की कोशिश कर सकते हैं, ब्रेक ले सकते हैं या फिर से जुड़ने के लिए एक अलग दृष्टिकोण आजमा सकते हैं।

हालांकि, वाई-फाई की तरह, कुछ रिश्तों को जुड़ा रहने के लिए एक मजबूत सिग्नल की आवश्यकता होती है। हमें संवाद करके, एक-दूसरे के प्रति ईमानदार रहकर और अपने साथी की जरूरतों को समझकर संबंध मजबूत बनाए रखने की जरूरत है। हमें यह समझने की जरूरत है कि रिश्ते सिर्फ लेने के नहीं बल्कि देने के भी होते हैं। यदि हम संबंध को जीवित रखना चाहते हैं तो हमें समझौता करना, त्याग करना और निःस्वार्थ होना सीखना होगा।

हम वाई-फाई स्रोत से जितना दूर जाते हैं, सिग्नल उतना ही कमजोर होता जाता है। लेकिन हम रेंज को मजबूत करने और कनेक्शन को स्थिर रखने के लिए बूस्टर और एक्सटेंडर का उपयोग कर सकते हैं। रिश्तों को भी बूस्टर की जरूरत होती है वो अपनापन, स्नेह जताकर या हमारे अपनो के साथ क्वालिटी टाइम बीताने जैसी चीजें हो सकती हैं। ये बूस्टर कनेक्शन को मजबूत बनाए रखने के लिए आवश्यक हैं क्योंकि जीवन तनावपूर्ण और अत्यधिक जिम्मेदारी वाला हो सकता है तथा जब अन्य चीजें दबाव डालती हैं, जिम्मेदारियाँ बढ़ती है तो हम अपने रिश्तों को प्राथमिकता देना भूल जाते हैं।

रिश्ते हमेशा सहज नहीं होते हैं, वे वाई-फाई की तरह, कभी-कभी अनियमित हो जाते हैं। हम अलगाव के क्षणों का अनुभव कर सकते हैं, लेकिन इसका मतलब रिश्तों का अंत नहीं है। हमें यह समझने की जरूरत है कि यह सिर्फ एक चरण है और धैर्य संचार के साथ, हम अपने-अपनो से फिर जुड़ सकते हैं और रिश्ता मजबूत कर सकते हैं। प्रो. सी. बी. श्रीवास्तव 'विदग्ध' की कही पढ़ी हुई कविता के साथ अपने रिश्ते को कायम रखते हुए आज की बात को विराम दे रहा हूँ।

**कई रंगों में रंगे दिखते हैं, निछल प्राण के रिश्ते**
**कई हैं खून के रिश्ते, कई सम्मान के रिश्ते।।**
**जो सबको बाँधे रखते हैं, मधुर संबंध बंधन में**
**वे होते प्रेम के रिश्ते, सरल इंसान के रिश्ते।।**
**भरा है एक रस मीठा, प्रकृति ने मधुर वाणी में**
**जिन्हें सुन मन हुलस उठता हैं मेहमान के रिश्ते।।**
**साते हैं मन को, हर्ष की शुभ भावनाओ से**
**वे होते यकायक उद्भूत, नये अरमान के रिश्ते।।**
**भी होती भी देखी हैं, अचानक यूँ मुलाकातें**
**ना जाती जो जीवन में, मधुर वरदान के रिश्ते।।**
**मगर इस नये जमाने में, चला है एक चलन बेढ़ब**
**जहाँ आतंक ने फैलाये, बिन पहचान के रिश्ते ।।**
**सभी भयभीत हैं जिनसे न मिलती कोई खबर जिनकी**
**जो हैं आतंकवादी दुश्मनों से, जान के रिश्ते ।।**

Email: harresh.mehta@yashcotton.com | Mobile +91 82916-71111

## 130 वाँ वार्षिक अधिवेशन भव्यता और दिव्यता के साथ सम्पन्न

# श्री लखमी चंद मकरानी एवं श्री सचिन जैन को 'व्यापारी रत्न'







नई दिल्ली/ थोक कपड़ा व्यापार और व्यापारी को सेवा-सुरक्षा-संरक्षण प्रदान करने हेतु सन् 1893 में स्थापित 130 वर्षीय व्यापारिक संस्था 'दिल्ली हिन्दुस्तानी मर्कन्टाइल एसोसिएशन' का 130 वाँ वार्षिक अधिवेशन दिनांक 11 अक्टूबर, 2023 को दिल्ली पब्लिक लाईब्रेरी, दिल्ली-06 के सभागार में मुख्य अतिथि श्री सुरजीत सिंह (प्रतिष्ठित कपड़ा व्यापारी एवं समाज सेवी) की गौरवमयी उपस्थिति एवं एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री मुकेश सचदेवा की अध्यक्षता के साथ सदस्यों एवं गणमान्य अतिथियों की रिकॉर्ड उपस्थिति में बड़ी भव्यता और दिव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। अधिवेशन के मुख्य अतिथि ने एसोसिएशन की गतिविधियों एवं मुख्य कार्य पद्धति 'पंच प्रणाली-Arbitration की सराहना करते हुए कहा कि, एसोसिएशन न्यायपालिका की सहायिका के रूप में 'पंच प्रणाली-Arbitration के माध्यम से कपड़ा व्यापारियों के करोड़ों रूपये के व्यापारिक विवादों का समाधान जिस सौहार्दपूर्ण एवं सामंजस्य पूर्ण रूप से करती है वह अत्यंत प्रशंसनीय है। वर्तमान में जहाँ न्यायिक प्रक्रिया बहुत लम्बी है वहीं एसोसिएशन कम समय और कम खर्च में 130 वर्षों से विवादों का समाधान करती आ रही है।

एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री मुकेश सचदेवा ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि, एसोसिएशन के स्वर्णिम इतिहास में सभी को अवगत कराते हुए कपड़े और कपड़ा व्यापारी के जीवन में आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, सरकार को उन क्षेत्रों पर भी विशेष ध्यान देना चाहिये, जो पहले से ही आत्मनिर्भर हैं और सहायता मात्र से ही वैश्विक बाजार में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। वस्त्र उद्योग ऐसे क्षेत्र का एक ज्वलंत उदाहरण है। भारतीय वस्त्र उद्योग को बांग्लादेश और वियतनाम जैसे कई छोटे वैश्विक प्रतिभागियों के साथ कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है। भारतीय वस्त्र उद्योग को कृषि तथा देश की संस्कृति तथा परंपराओं के साथ सीधा संबंध हैं जो घरेलू तथा निर्यात बाजारों, दोनों के लिये उपयुक्त उत्पादों के बहुआयामी विस्तार को संभव बनाते हैं।

एसोसिएशन के महामंत्री श्री भगवान बंसल ने वर्ष 2022-23 का 'वार्षिक प्रतिवेदन' प्रस्तुत किया एवं वार्षिक आय-व्यय की समस्त जानकारी सदस्यों को दी। वार्षिक अधिवेशन में चैक वापसी धारा-138, साईबर क्राईम का शिकार होते व्यापारी व ऑनलाईन व्यापार से प्रभावित कपड़ा व्यापार विषयों पर प्रस्ताव प्रस्तुत कर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि, सरकार के समक्ष उपरोक्त विषयों पर समाधान हेतु निवेदन किया जाये।

इसके अतिरिक्त एसोसिएशन द्वारा कपड़ा व्यापार में उत्कृष्ट योगदान, सहयोग एवं नई दिशा प्रदान करने वाले प्रतिष्ठित व्यापारियों श्री लखमी चंद मकरानी (मै. तेजू फैशन प्रा. लि.) व श्री सचिन जैन(मै. अरूण वस्त्र भण्डार प्रा. लि.) को 'व्यापारी रत्न' से सम्मानित किया गया, साथ ही कक्षा 10वीं व 12वीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र/छात्राओं को प्रशस्त्रि-पत्र एवं प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई एवं प्रबंधकारिणी सदस्यों को एसोसिएशन के कार्यों में पूर्ण सहयोग एवं समय प्रदान करने हेतु सम्मानित किया गया।

## विश्व कॉटन दिवस सहयोग

# फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री और ऑल इंडिया कॉटन एफपीओ एसोसिएशन ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए



नई दिल्ली/ वैश्विक महत्त्व के दिन जब दुनिया 'विश्व कॉटन दिवस' मना रही है तब फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (एफआईआई) और ऑल इंडियन कॉटन एफपीओ एसोसिएशन एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने के लिए एक साथ आए हैं। विश्व कॉटन दिवस के अवसर पर 7 अक्टूबर, 2023 को हस्ताक्षरित यह ऐतिहासिक समझौता, कॉटन से संबंधित पहलों पर वैश्विक फोकस के साथ जुड़कर, भारतीय व्यापार क्षेत्र को बढ़ावा देने और कॉटन उद्योग का समर्थन करने का वादा करता है।

एफआईआई, एक विशाल सदस्य आधार लिए और अपने अंतरराष्ट्रीय अध्यायों के माध्यम से वैश्विक उपस्थिति वाला एवं भारतीय व्यवसायों को सशक्त बनाने के अपने मिशन के लिए प्रसिद्ध है। इस विश्व कॉटन दिवस पर, कॉटन उद्योग को समर्थन देने की उनकी प्रतिबद्धता और भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है।

एफआईआई के महानिदेशक डॉ. दीपक जैन ने भारतीय व्यापार समुदाय द्वारा निभाई गई महत्तपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला और बताया कि कैसे एफआईआई अपने व्यापक नेटवर्क और संसाधनों के साथ उन्हें एक गतिशील कारोबारी माहौल में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

ऑल इंडिया कॉटन एफपीओ एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री मनीष डागा ने कॉटन उद्योग में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने और औद्योगिक पेशेवरों के विकास को सुविधाजनक बनाने के लिए एसोसिएशन के समर्पण को व्यक्त किया। यह सहयोग न केवल कॉटन क्षेत्र को मजबूत करता है बल्कि भारत की आर्थिक प्रगति में भी योगदान देता है, जो विश्व कॉटन दिवस की भावना के साथ पूरी तरह मेल खाता है। समझौता ज्ञापन पर औपचारिक रूप से श्री हितेद्रं मेहता द्वारा हस्ताक्षर किए गए। एफआईआई का प्रतिनिधित्व कर रहे श्री हितेंद्र मेहता और ऑल इंडियन कॉटन एफपीओ एसोसिएशन का प्रतिनिधित्व करते हुए श्री मनीष डागा कहा कि यह साझेदारी सहयोग, पारस्परिक समर्थन और सामान्य लक्ष्यों की प्राप्ति के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है जिससे पूरे देश में व्यवसायों और औद्योगिक पेशेवरों को लाभ होगा। इस कार्यक्रम में दोनों पक्षों के प्रतिष्ठित सदस्य उपस्थित थे। एफआईआई से श्री हितेन्द्र मेहता, श्री उदितेंदु वर्मा, श्री संजय गुप्ता और श्री कॉटन एफपीओ एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं समन्वयक श्री मनीष डागा और उनके सह-निदेशक उपस्थित थे। विश्व कॉटन दिवस के अवसर पर एफआईआई और ऑल इंडियन कॉटन एफपीओ एसोसिएशन के बीच यह रणनीतिक साझेदारी भारतीय व्यवसायों और कॉटन उद्योग के लिए नवाचार, विकास और उज्ज्वल भविष्य का वादा करती है।

## श्रद्धाजंलि

।।ॐ शांति ॐ।।



स्व. गंगास्वरूप रूक्मणि इंदरलालजी त्रिवेदी

(स्वर्गवासः 02-10-2023)

प्रतिष्ठान » Gangotri

गंगोत्री टेक्सटाइल मिल्स, मुम्बई

श्रद्धावनत

योगेन्द्र शर्मा (संपादक)

एवं समस्त टेक्सटाइल वर्ल्ड परिवार, (भीलवाड़ा)

## नवरात्रि आरंभ होते ही....

पृष्ठ 1 का शेषांश

जैकेटिंग के लिए प्लेन, चैक्स तथा सेल्फ सूटिंग की अच्छी मांग आ रही है। कॉटन सूटिंग की माँग सीमित है जबकि लिनन की मांग बनी हुई है। वूलन सूटिंग की मांग दिनों-दिन कमजोर होती जा रही है। भीलवाड़ा सूटिंग की भी अच्छी मांग बनी हुई है। कम्बो पैकिंग में वैवाहिक सीजन के कारण आगामी दिनों में अच्छी मांग रहने का अनुमान है। जानकारों का कहना है कि विमल ने कॉम्बो पैक में व्यापक रेंज बाजार में दी है। सियाराम, डोनियर आदि की मांग में भी बनी हुई है। शर्टिंग में सीमित मांग चल रही है तथा आगामी दिनों में सुधार की संभावना है।

**एथेनिक का चलन बढ़ा-** व्यापारियों का कहना है कि गत कुछ समय से वैवाहिक सीजन में सूटों की मांग प्रभावित हो रही है और इसके स्थान पर फैंसी कुर्ता-पायजामा, धोती आदि एथेनिक वीयर की मांग बढ़ती जा रही है। व्यापारियों का कहना है कि पुरुषों को कुर्ते के लिए सूरत के जोर्जट आदि कपड़े की चटक और लाईट रंगों में अच्छी मांग बनी हुई है। वैवाहिक साड़ियों की मांग भी आरंभ हो चुकी है लेकिन बाजार में कोई नया फैब्रिक नहीं आ रहा है। जानकारों का कहना है कि अभी तक भाव पूर्व स्तर पर बने हुए हैं लेकिन मांग में थोड़ा सुधार होते ही निर्माता भाव में वृद्धि कर सकते हैं। परम्परागत लहंगा, चुनरी आदि की माँग कमजोर पड़ती जा रही है और दुल्हनों के लिए पश्चिमी वीयर की मांग बढ़ती जा रही है। व्यापारियों का कहना है कि लंहगे आदि की मांग अब लाईट कलर में होने लगी है। विवाह, उत्सव आदि के अवसर पर साड़ियों का चलन कम होने से टू बाई टू रुबिया की मांग अब सिमटती जा रही है। कॉटन आईटमों में कारोबार सीमित बना हुआ है। व्यापारियों का कहना है कि पिछले कुछ समय में कॉटन आईटमों के भाव में नरमी आई थी, लेकिन अब ठहराव बना हुआ है। व्यापारियों का मानना है कि नई फसल की आवक पर कॉटन व यार्न में गिरावट के बाद फैब्रिक के भाव में कुछ कमी आ सकती है लेकिन अधिक नहीं, क्योंकि देश में कॉटन का उत्पादन कमजोर रहने की आशंका है। लेडीज सूटों में सीमित मांग चल रही है। व्यापारियों के अनुसार थोक में मोटे माल का उठाव आरंभ हो गया है।

# Top 250 Indian Apparel Brands Explore Business Opportunities in MENA; CMAI to host 'Brands of India' in Dubai from 27th to 29th November, 2023



Mumbai/CMAI (Clothing Manufacturers Association of India) proudly presents 'Brands of India,' a ground breaking initiative that opens a new era for Indian apparel brands on the global stage. This prestigious B2B trade show will be hosted at the Dubai World Trade Centre in Halls 6 & 7, from 27th to 29th November, 2023.

Supported by the Embassy of India, Dubai Chamber, TEXMAS (Dubai Textile Merchants Association), Dubai Chamber and RGM Group, 'Brands of India' by CMAI is set to be India's largest apparel brands show in the Middle East. This trade show is the first-of-its-kind 'organised effort' made to bring together over 250 top Indian apparel brands on an international platform, showcasing a diverse array of collections encompassing Indian ethnic wear, Western wear, and Fusion Wear across Menswear, Womenswear, and Kidswear categories.

Speaking about the initiative, Mr. Jayesh Shah, Vice President of CMAI and Chairman, Brands of India Committee, shared his thoughts, stating, "Indian craftsmanship has consistently served as a source of inspiration for designers and consumers on a global scale. Remarkably, Indian apparel brands have transcended their traditional boundaries and the diaspora, experiencing a growing demand across the world, extending beyond the Asian continent. Our initial goal was to feature 150 brands in the first year, but thanks to the tremendous support from the industry, we have now surpassed that target, with over 250 brands being showcased at Brands of India."

"The 'Brands of India' initiative by CMAI is an exemplary showcase of the most prominent Indian apparel brands on the international platform. Indian clothing has made substantial advancements in the GCC countries and African markets. The estimated Indian apparel exports to these regions stand at approximately US$ 2426 million and US$ 913 million, constituting a substantial share of 21% and 19%, respectively, in the total apparel imports for these regions. Additionally, in the UAE, the Comprehensive Economic Partnership Agreement (CEPA) opens doors to unmatched prospects, propelling the growth of Indian apparel brands in this dynamic market," added Rajesh Masand, President of CMAI.

"Indian apparel brands have attained competitive pricing while adhering to international quality standards. However, currently, a majority of India's apparel exports are produced under the labels of buyers. Hence, there was a pressing need to establish a platform for the robust promotion of Indian apparel brands in the global marketplace. Aligned with the Government of India's 'Make in India' and 'Atmanirbhar Bharat' initiatives, the Brands of India

show by CMAI represents a significant stride in offering the initial platform for both National and Regional apparel brands to venture into international opportunities." Mr Rahul Mehta, Chief Mentor, CMAI, further added.

Brands of India has been meticulously designed to serve as the primary destination for wholesalers, retailers, distributors, importers, and departmental chains from the Middle East & North Africa (MENA) region to conveniently connect with leading Indian apparel brands. Among the participating brands are Louis Philippe, Soch, Spykar, Indifusion, Gini & Jony, Dollar, Touch, A-La-Mode, Stori, Satya Fusion, to name a few.

This trade show promises an immersive experience where visitors can connect with Indian apparel brands and manufacturers, fostering new business relationships and exploring potential collaborations for mutual growth. This strategic choice of Dubai as the tradeshows location is purposeful, leveraging the city's global reputation for exceptional infrastructure, connectivity, free trade zones, and business-friendly policies, making it the optimal epicentre for international trade.

On September 14, 2023, The Curtain Raiser of the 'Brands of India' was launched in Dubai by the Chief Guest for the evening H.E. Shri Sunjay Sudhir, Ambassador of India to the United Arab Emirates, in a high profile gathering that saw top most retailers from the region along with industry captains in attendance and was well received by local buying groups. Mr. Ashraf Ali, ED, Lulus Group, graced the occasion as the Guest of Honour. Dignitaries present at the announcement included Mr. Rajesh Masand, President, CMAI, Mr. Jayesh Shah, Vice President, CMAI and Chairman, Brands of India Committee, Mr Mohan Sadhwani, Executive Director, CMAI, Mr Rahul Mehta, Chief Mentor, CMAI and other Office Bearers of CMAI.

For further information and registration details, please visit: https://brandsofindia.cmai.in/

About CMAI


The Clothing Manufacturers Association of India (CMAI) is the most representative association of the Indian apparel industry having over 4000 members and serving more than 20,000 Retailers. Its Membership consists of Manufacturers, Exporters, Brands, and ancillary industry.

CMAI advocates regarding policies and also guides and encourages its members on ESG related matters and initiatives. In 2019, CMAI launched the SU.RE initiative to encourage members to embrace sustainability.

Established sixty (60) years ago, CMAI has contributed immensely towards development of the industry, and is the first Indian Association that represents the entire Indian Apparel Industry & Trade on prestigious international forums such as International Apparel Federation (IAF) headquartered in Netherlands.

## भूल ना जाना ०३२

RISHAB WORLD



# दुर्गावती देवी

(१९०७ - १९९९)

स्वतंत्रता सेनानी **दुर्गावती देवी** को **दुर्गा भाभी** के नाम से जाना जाता है|वे क्रांतिकारी संगठन HSRA के साथी कामरेड **भगवती चरण बोहरा** की पत्नी थी ।

उनका जन्म **बनारस** में रहने वाले गुजराती ब्राह्मण परिवार में हुआ था। अल्प आयु में ही उनका विवाह **श्री बोहरा** के साथ हो गया। बाद में उन्हें **सचिंद्र** नाम का पुत्र हुआ।

वे **स्वतंत्रता आंदोलन** में सक्रिय भाग लेने वाली गिनी चुनी महिलाओं में से एक थी, जिन्होंने ब्रिटिश राज के खिलाफ **सशस्त्र आंदोलन** किया ।

उन्होंने विशेष रूप से **भगत सिंह** को असिस्टेंट सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस **जॉन पी सांडर्स** की हत्या के बाद भागने में मदद के लिए अपने बच्चे के साथ उनकी पत्नी का रूप धारण किया था। इस साहसिक कार्य के लिए उन्हें जाना जाता है।

इसके अलावा स्वतंत्रता सेनानी **जतिन दास** के लाहौर जेल में 63 दिन **आमरण अनशन** से मौत हो जाने पर उनका शव कोलकाता लाने पर उनकी अन्तिम यात्रा का नेतृत्व किया जो क्रांतिकारियों की एक विशाल रैली के रूप में फलीभूत हुई। इस घटना ने स्वतंत्रता आंदोलन की आग में घी का काम किया ।

सन् 1929 में **दुर्गावती देवी** को **3 साल का कारावास** युनाइटेड प्रोविंस के गवर्नर लाई हेडली पर असफल आक्रमण करने के कारण हुआ ।

स्वतंत्रता के बाद उन्होंने राजनीतिक जीवन स्वीकार नहीं किया और अपना जीवन सामान्य नागरिक की भांति **गाजियाबाद** में बिताया तथा गरीब बच्चों की शिक्षा के लिए **लखनऊ** में स्कूल खोला।











# मफतलाल की ऑल इण्डिया डीलर मीट में 'महावीर टेक्सटाइल' फिर नंबर वन









**सोलापुर/** भारत के पश्चिम क्षेत्र गोवा में ऑल इण्डिया डीलर मीट का सफल आयोजन हुआ। जिसमें महावीर टेक्सटाइल ग्रुप सोलापुर को लगातार दूसरे वर्ष नंबर वन डीलर का दर्जा दिया गया। जिसने फैशन की डिमाण्ड अनुसार अच्छी क्वालिटी के कपड़े में खुद को मील का पत्थर स्थापित किया। पिछले एक दशक से गारमेण्ट के व्यवसाय में इण्डस्ट्रीयल, कॉर्पोरेट, स्पोर्ट्स, हॉस्पिटल्स, स्कूल्स एण्ड कॉलेज ड्रेसेज के विभिन्न कलर्स व डिजाइनर्स में कैज्युअल शर्टिंग क्लॉथ की आपूर्ति करता हैं। कार्यक्रम में मफतलाल इण्डस्ट्रीज के मेनेजिंग डायरेक्टर श्री प्रियव्रत जी मफतलाल, सीईओ श्री रघुनाथजी एम बालकृष्णन ने भरी भूरी प्रशंसा की। महावीर टेक्सटाइल ग्रुप ने लक्ष्य पर केन्द्रित रहकर नम्बर वन का खिताब हासिल किया।




# अनिश्चितता, निर्यात एवं स्थानीय मांग घटने से गारमेंट उत्पादन में आई गिरावट

**मुंबई/ रमाशंकर पाण्डेय**

रेडीमेड गारमेंट की रिटेल ग्राहकी नहीं सुधरी है। एकाध सप्ताह की अच्छी ग्राहकी के बाद बाजार से लेवाल नदारद हो गए। रिटेल ग्राहकी नहीं सुधरने से गारमेंट का उत्पादन भी धीमा पड़ा है। कारण कि वैश्विक मांग कमजोर होने के साथ देश में रिटेल मांग नहीं बढ़ने से गारमेंट उत्पादन में तेजी नहीं आ रही है। माना जा रहा था कि श्राद्धपक्ष बीतने के बाद जैसे ही नवरात्री की शुरूआत होगी, ग्राहकी निकलेगी। ग्राहकी निकली भी तो सीमित आइटमों तक सिमट गई। बाजार जैसा चलना चाहिए वैसा नहीं चल रहा है। गारमेंट के सभी खण्डों में लेवाली का अभाव है। स्टॉक अधिक और कमजोर ग्राहकी से परेशान रिटेलर्स विंटर सीजन के लिए दिए ऑर्डर्स को धीमी गति से उठाना चाहते है, ताकि उन पर आर्थिक दबाव अधिक नहीं हो। वैश्विक स्तर पर फैली मंदी तथा अनिश्चितता के कारण देश से टेक्सटाइल एवं क्लोथिंग निर्यात को झटका लगने का भय है। विशेषकर यूरोप और अमेरिका के बड़े रिटेल ब्रांड में ग्राहकी को लेकर नकारात्मक धारणा बनने से निर्यात मांग घटने के आसार है। अप्रैल से अगस्त तक भारत से गारमेंट निर्यात 10 प्रतिशत तक घटा है। रूस और यूक्रेन युद्ध का समाधान तो कुछ हुआ नहीं उल्टा इजराइल और हमास के बीच संघर्ष शुरू हो गया है। इस संघर्ष में अन्य देशों के कूदने से यह वैश्विक अर्थव्यस्था को पंगु बना सकता है। तथापि इस घटना के कारण निर्यात एक से दो प्रतिशत तक और कम होने का अनुमान लगाया जा रहा है। यह आर्थिक संकट को और बढ़ा सकता है। स्थानीय बाजार में श्राद्धपक्ष के दौरान यथोचित कामकाज नहीं हो सका था। अभी तक बाजार में ग्राहकी बिल्कुल नहीं है। रिटेलर्स को नवरात्री पर ग्राहकी निकलने का इंतजार है। बाजार के नहीं चलने और पुराने अनसोल्ड स्टॉक से पीड़ित रिटेलर्स की नये स्टॉक में लेवाली अधिक नहीं होने के कारण गारमेंट में इस्तेमाल होता कपड़ा और गारमेंट के उत्पादन में करीब 10 से 15 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। इतना ही नहीं बाजार के सुचारू नहीं चलने और बढ़ती आर्थिक तंगी के कारण रेडीमेड गारमेंट का विकास अवरूद्ध हो रहा है, जबकि इस खण्ड में हमेशा से कारोबार होता रहा है, भले ही कुछ कम हो या ज्यादा। लेकिन मौजूदा दौर में इसमें नकारात्मकता फैली है और बिक्री का सारा दारोमदार त्योहारी माँग पर निर्भर है। गारमेंट में इन्नोवेशन की भूमिका बड़ी होती है।




Postal Registration No BHILWARA/208/2021-2023 RNI Registration No. 71772/98










# अगस्त में बढ़ा चीन का कॉटन यार्न आयात

**नई दिल्ली/ राजेश शर्मा...** चीन में कॉटन के भाव में तेजी और खपत में सुधार होने से अगस्त में चीन के कॉटन यार्न आयात में बढ़ोतरी दर्ज की गई और इसमें से एक बड़ी मात्रा भारत से मंगवाई गई। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार अगस्त में चीन ने 1.90 लाख टन कॉटन यार्न का आयात किया जो जुलाई की तुलना में लगभग 28,500 टन अधिक है। जानकारों का कहना है कि चीन में घरेलू कॉटन यार्न की तुलना में आयातित कॉटन लगभग 3,000 यूआन प्रति टन सस्ती पड़ रही है। व्यापारियों का कहना है कि विगत महीनों में भारत में कॉटन के भाव में आई गिरावट के बाद चीन में भारतीय कॉटन यार्न के भाव उसके घरेलू बाजार की तुलना में कम होने के कारण वहाँ के कॉटन यार्न उपभोक्त ाओं ने भारत और पाकिस्तान की ओर रूख कर लिया है। यही कारण है कि चीन अब भारत से कॉटन यार्न का आयात कर रहा है। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार अगस्त में चीन ने भारत से 41,500 टन कॉटन यार्न का आयात किया जो जुलाई की तुलना में 13,500 टन अधिक रहा। अगस्त में चीन के कुल कॉटन यार्न आयात में भारत की हिस्सेदारी लगभग 24 प्रतिशत रही। अगस्त में वियतनाम का कॉटन यार्न आयात 5,000 टन से बढ़कर 68,200 टन, पाकिस्तान से 29,700 टन तथा उज्बेकिस्तान से 12,000 टन का आयात किया। इसके अतिरिक्त चीन ने बांग्लादेश, मलेशिया, इंडोनेशिया और कुछ अन्य देशों से भी आयात किया।


**कुल आयात-** जानकारों का कहना है कि जनवरी से अगस्त तक चीन ने लगभग 9.39 लाख टन कॉटन यार्न का आयात किया है। जो पूरे वर्ष यानि 2023 में चीन का कुल आयात लगभग 15 लाख टन हो सकता है।

**कॉटन नीलामी-** इसी दौरान, घरेलू मिलों की माँग को पूरा करने के लिए 31 जुलाई से 13 अक्टूबर तक चीन की सरकार ने अपने रिजर्व स्टॉक से लगभग 7.45 लाख टन कॉटन बाजार में दैनिक नीलामी से बेची। सरकार ने कुल 8.48 लाख टन कॉटन ऑफर की थी। आरंभ में ऑफर की जा रही पूरी मात्रा बिक रही थी लेकिन बाद में मांग कमजोर पड़ गई।











स्वत्वाधिकारी एसएसएस मीडिया पब्लिकेशन्स (प्रा.) लि. की तरफ से मुद्रक एवं प्रकाशक योगेन्द्र शर्मा के लिए वी.के. प्रिण्टर्स, बी-36-ए, सुदर्शन पुरा, इण्डस्ट्रियल एरिया, 22 गोदाम, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित एवं सी-127, आर.के. कॉलोनी, भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। **संपादक-योगेन्द्र शर्मा।**


greens
BAMBOO COLLECTION
Experience The Comfort
of our
New Bamboo Fabric Collection
SINCE 1963
Gini FABRICS
'STITCHED DIFFERENTLY'
CHOOSE FROM OUR EXCLUSIVE SHIRTING, SUITING & GIFTING FABRICS
Cotton | Hemp | Bamboo | Linen | Lyocell | Gini Whites | Khushboo | Aqua | Glacier | Ever Fresh
+ 912240750601
sales@ginitex.com (Domestic)
umesh@ginitex.com (International)
GINI TEX PRIVATE LIMITED:
413, Tantia Jogani ind Premises,
Sitaram Mill Compound, Near Lodha Group,
N.M Joshi Marg, Lower parel (E),Mumbai 400011.
/ginifabricsofficial/
/ginifabricsofficial
/company/ginifabrics/
linkedin
facebook
instagram
FOR TRADE ENQUIRIES
Sudhir Agencies (India) 6th Ganesh Wadi, 4th Floor, Mumbai - 400 002. Sudhir Bachhawat - 9819343909,
Jitender Bachhawat - 9930031999, Rajendra Malpani - 9819977707, Neeraj Vaid - 9322245369.


Sangam®
SUITINGS
YOU ARE WHAT YOU WEAR
Value through values
spunshades
SANGAM (INDIA) LTD. Atun,
Chittorgarh Road, BHILWARA - 311001 (Raj.) India
E-mail : coordinationsales@sangamgroup.com, Visit us at www.sangamgroup.com, Phone: +91-1482-245500


D&J
RISHAB WORLD
Finest Fashion Fabrics
इकतारा
THE POETRY THAT IS BANARAS
D&J x NILESH MITESH
INDIA
www.donandjulio.com
DonandJulio
Don & Julio
Call at +91 93219 14004 or email at crm@rishabworld.com

# मफतलाल की गोवा कॉन्फ्रेंस का सफल आयोजन




मुंबई/ देश की अग्रणी टेक्सटाइल कंपनी मफतलाल इण्डस्ट्रीज एवं जी फैब्रिक्स के संयुक्त तत्वावधान में गोवा में तीन दिवसीय ऑल इंडिया एजेण्ट एवं डीलर मीट का आयोजन किया गया। इस दौरान कंपनी द्वारा डिजिटल कैटलॉग के रूप में टैबलेट के माध्यम से Mafatlal Studio, Whatsaap Chatbot एवं सस्टेनेबल फैब्रिक की लॉञ्चिंग भी की गई। जो इस शो का मुख्य आकर्षण था।

मफतलाल इण्डस्ट्रीज के डायरेक्टर श्री प्रियवर्त मफतलाल कंपनी सीओओ श्री एम.बी. रघुनाथ एवं सीनियर जनरल फाइनेन्स मैनेजर श्री शिमता झँवर साथ ही मार्केटिंग पार्टनर Zee Fabrics के मुख्य प्रबंधक श्री केतुल भाई, श्री विशाल भाई, श्री अंशुल शाह एवं श्री अंकित शाह भी उपस्थित थे। इस दौरान देशभर से आये प्रमुख डीलर्स एवं एजेण्ट्स ने शिरकत की। कम्पनी द्वारा प्रदर्शित प्रोडक्ट का अवलोकन किया एवं आगामी सीजन के लिए कंपनी प्रबंधन से विचार-विमर्श किया। इस कॉन्फ्रेंस में शामिल कंपनी के विविध कैटेगरीज में टॉप 5 डीलर्स एवं एजेंट्स को अवॉर्ड देकर सम्मानित किया गया। कंपनी द्वारा ऐसा प्रोत्साहन वस्त्र व्यापार को एक अवश्य नई दिशा प्रदान करता है।




## Eco Earth सस्टेनेबल यूनिफॉर्म फैब्रिक की लॉञ्चिंग

इस कॉन्फ्रेंस में जी मफतलाल द्वारा आकर्षक डिजाइंस व्यापारियों के समक्ष प्रदर्शित की गई विशेषकर मफतलाल ग्रीन्स के तहत Eco Earth सस्टेनेबल और इको फ्रैण्डली फैब्रिक की लॉञ्चिंग ने व्यापारियों को काफी आकर्षित किया। हर तरह के यूनिफॉर्म फैब्रिक (कॉर्पोरेट, स्कूल, हॉस्पिटल) जो सभी क्षेत्रों में सबसे अधिक पहनने वाला कपड़ा है। प्लास्टिक वेस्ट (PET) को रिसाइकिल कर बनाई गई सस्टेनेबल और इको फ्रैण्डली फैब्रिक रेंज यूनिफॉर्म व्यवसाय में अपनी अमिट छाप छोड़ेगी। इसके साथ ही यह मुहिम वातावरण में फैल रहे अनावश्यक प्रदूषण को रोकने में काफी हद तक सहायक होगी।

Mafatlal GREENS

## (Mafatlal Studio)

मफतलाल इण्डस्ट्रीज के सीओओ श्री एम. बी. रघुनाथ ने बताया कि स्कूल एवं वर्क वीयर यूनिफॉर्म की दुनिया में मफतलाल का Mafatlal Studio नया रिवॉल्यूशन लेकर आया है। उन्होंने बताया कि इस डिजिटल एप्लिकेशन प्लेटफॉर्म के तहत कंपनी ने बदलते परिवेश के साथ व्यापार संवर्धन हेतु डिजिटल कैटलॉग के रूप में टैबलेट की लॉञ्चिंग की। यह टैबलेट मफतलाल स्टूडियो के तहत् व्यापार को सुदृढ़ करने की सुविधा मुहैया कराता है। इस टैबलेट में मफतलाल सॉफ्टवेयर, डिजिटल कैटलॉग, ट्रेसिंग सॉफ्टवेयर, व्हाट्सएप चैट बोट आदि सुविधाओं का समावेश किया गया है।

इससे व्यापारियों को विभिन्न डिजाइंस एवं पैटर्न देखने एवं प्रजेंटेशन में आसानी रहेगी। साथ ही कंपनी को आसानी से इस टैबलेट द्वारा नई रेंज व प्रोडक्ट की अवेलेबलिटी की जानकारी मिल जाएगी। कंपनी द्वारा किया गया नया इनोवेशन अवश्य ही वस्त्र व्यापार को सरल और प्रॉडक्टिव बनाएगा। 2000 जेपीजी फॉर्मेट डिजाइंस में स्कूल एवं कॉर्पोरेट की मफतलाल डिजाइंस को इस मफतलाल स्टूडियो के माध्यम से देखा जा सकता हैं। साथ ही क्राफ्टेड ट्रेण्ड 3D मॉडल्स इसे और अधिक आकर्षक बना देते हैं। उन्होंने कहा कि यह एप यूनिफॉर्म व्यवसाय की दुनिया में अवश्य गेम चेंजर साबित होगा।

मफतलाल स्टूडियो के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि जी स्टूडियो स्कूल एवं वर्क वियर की दुनिया में वन-स्टेप प्रजेंटेशन है। ट्रेडिशनल गारमेंट स्ट्रिचिंग अप्रूवल में आ रही परेशानियों को भी दूर करता है। कस्टमर द्वारा तुरंत विजुअलाइजेशन और कस्टमाइज बेस पर फिंगर टिप्स पर ही यूनिफॉर्म की चॉइस की जा सकती है। साथ ही यह एप यूनिफॉर्म सलेक्शन के लिए प्रिंट की सुविधा भी देता है। यह एप यूनिफॉर्म चयन के लिए एक कदम आगे ले जाता है जो स्कूल या वर्क वीयर यूनिफॉर्म प्रजेंटेशन की प्रक्रिया को और भी सुव्यवस्थित कर देता है। कुल मिलाकर मफतलाल स्टूडियो यूनिफॉर्म की दुनिया में रिवॉल्यूशन साबित होगा। यह एप समय में बचत एवं निर्णय को सरल बनता है। मफतलाल स्टूडियो यूनिफॉर्म चुनने के तरीके को रीडिफाइन करेगा और स्कूल, बिजनेस तथा ऑर्गेनाइजेशन के लिए अद्वितीय सुविधा मुहैया कराएगा।

## ZEE Connect Whatsapp Chatbot

यूनिफॉर्म व्यवसाय को और सरल एवं सुसज्जित बनाने के प्रयास में कंपनी ने 'जी कनेक्ट' व्हाट्सएप चैट बोट की लॉञ्चिंग की। प्रतिस्पर्धा के इस दौर में कुशल और प्रगाढ़ संबंध व्यावसायिक जगत में अति आवश्यक हैं।

जी कनेक्ट की उपयोगिता एवं संचालन हेतु जी फैब्रिक्स के एनर्जेटिक प्रबंधक श्री केतुल भाई एवं श्री विशाल भाई ने बताया कि इसे ऑपरेट करने के लिए कंपनी द्वारा जारी किए गए नंबर को कॉन्टेक्ट लिस्ट में सेव कर एक सरल सा हाय का मैसेज भेजना होगा। इसके लिए किसी भी एप्लीकेशन को इंस्टॉल करने की आवश्यकता नहीं है। मैसेज भेजते ही आप जी कनेक्ट से जुड़ जाएंगे। यहां पर व्यापारी मेन मैन्यू में अपनी उपयोगिता अनुसार विकल्प का चयन कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। जी कनेक्ट के माध्यम से स्टॉक की उपलब्धता, अपने ऑर्डर को ट्रैक करना, अपने चालान तक पहुँचाना, साथ ही आउटस्टेंडिंग बैलेंस की जानकारी जैसी सुविधा देता है।

यदि चालान कोड मिस हो जाने पर भी अपने आइटम के नाम के आधार पर 'जी कनेक्ट' ईआरपी सिस्टम के माध्यम से नए ऑर्डर के साथ नया चालान जनरेट कर देगा। साथ ही चैट बोट प्रोडक्ट के डिस्पैच की जानकारी भी देता है और कोई विलंब होने पर डिस्पैच की आगामी तारीख भी सुनिश्चित करता है। श्री केतुल भाई ने बताया कि व्यापारियों से मिले अपार स्नेह और प्रतिबद्धता का परिणाम है कि हमने जी कनेक्ट जैसी सुविधा तैयार की। जी मफतलाल अपनी कसौटी पर खरा उतरकर यूनिफॉर्म व्यवसाय की यात्रा को और बेहतर एवं प्रगतिशील बनाएगा।

Whatsapp Chatbot +91 85911 24753










MAFATLAL ZEE FABRIC























# यूनिफॉर्म ब्राण्ड 'दर्शन वालजी' का विशाखापट्टनम में भव्य फैब्रिक डिस्प्ले





**विशाखापट्टनम/** देश के अग्रणी यूनिफॉर्म फैब्रिक ब्राण्ड 'दर्शन वालजी' ने 8 अक्टूबर 2023 को यूनिफॉर्म फैब्रिक की विशाल श्रृंखला विशाखापट्टनम के पाँच सितारा अम्बिका सी ग्रीन होटल में भव्य डिस्प्ले किया गया। 'दर्शन वालजी' यूनिफॉर्म एवं कॉर्पोरेट फैब्रिक का लीडिंग ब्राण्ड है, जिसके पास 6000 से अधिक डिजाइन हर वक्त तैयार रहती है।

देश के प्रतिष्ठित स्कूलों के बच्चों व कॉर्पोरेट्स को बेहतरीन क्वालिटी के यूनिफॉर्म मुहैया करवाना ही कंपनी का लक्ष्य है। इस दौरान कम्पनी के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री किशोर कोठारी ने कहा कि इस कॉन्फ्रेंस के दौरान चीफ गेस्ट कर्नाटक ग्रुप के सीएमडी श्री कंकटला मलिक एवं गेस्ट ऑफ ऑनर

## व्यापारियों ने कराई जमकर बुकिंग

में ग्लोबल बिजनेस डवलपमेण्ट (आदित्य बिरला ग्रुप) के प्रेसीडेन्ट श्री मुरगन टी. की उपस्थिति में यह कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। इस दौरान उन्होंने बताया कि इस कॉन्फ्रेंस यूनिफॉर्म सीगमेन्ट की नई कैटलॉग पेश की गई जो व्यापारियों को बहुत पंसद आई। इस दौरान वालजी के स्थानीय डीलर नानकी टेक्सटाइल के नवीन नेभवानी एवं अशोक नेभवानी ने दर्शन वालजी के फैब्रिक की विशेषताओं पर फोकस करते हुए बताया कि हम यूनिफॉर्म फैब्रिक की क्वालिटी पर विशेष ध्यान देते हैं। उसकी गुणवत्ता ही हमारा प्रमुख ध्येय है क्योंकि स्कूल यूनिफॉर्म बच्चों को पहननी होती है। उनकी त्वचा का विशेष ध्यान रखते हुए हमारे द्वारा उत्पादन किया जाता है। उनके फैब्रिक का यूनिफॉर्म बाजार लगभग 10,000 करोड़ रुपये का है। जैसे-जैसे शिक्षा एवं स्कूलों का विस्तार होता जा रहा है, वैसे-वैसे यूनिफॉर्म फैब्रिक की मांग भी बढ़ती जा रही है। 'वालजी' नवीनतम तकनीकी के साथ उत्तम गुणवत्ता के फैब्रिक के लिए प्रसिद्ध है, जो अत्याधुनिक लूमों पर रिंकल फ्री उत्पाद विभिन्न किस्मों में तैयार करता है। कंपनी द्वारा अपनी सभी डिजाइनों को अलग-अलग आकर्षक कैटलॉग बुक में तैयार किया जाता है। 'वालजी' यूनिफॉर्म ब्राण्ड संपूर्ण भारत व विदेशों सहित लगभग 700 ऑथोराइज्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स के माध्यम से 15000 से अधिक आउटलेट रिटेलर्स को सप्लाई किया जाता है।









TESSITURA MONTI INDIA PVT. LTD.

Factory & Registered Office :
Gat No. 147, Village Tamgaon, Post - Sangavde, Tal. Karveer,
Kolhapur - Hupari Road, Dist. Kolhapur - 416202. Maharastra.
INDIA. Tel. No : +91 231 2682900 Email : info@monti.co.in

Corporate Office :
77, Jodh Towers, 4th Floor, Lalbagh Road, Bengaluru - 560027
INDIA. Tel. No : +91 80 40500288
Email : office@monti.co.in Website : www.monti.co.in

Tessitura Monti India Pvt.Ltd.
BORN IN ITALY 1911
BCI

# फिक्की -TAG 2023 में डोनियर ग्रुप

## फैब्रिक और टेक्सटाइल उद्योग पर 14वां वार्षिक सम्मेलन

## टेक्सटाइल उद्योग का अमृत काल: 2030 तक 350 बिलियन अमेरिकी डॉलर के बाजार का रोडमैप










**मुम्बई/** फिक्की ने 2030 तक 350 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुँचने के रोडमैप की पैनल चर्चा के लिए फैब्रिक और टेक्सटाइल उद्योग पर 14 वें वार्षिक सम्मेलन में डोनियर ग्रुप के मेंटर एवं प्रतिष्ठित टेक्सटाइल उद्यमी श्री राजेंद्र अग्रवाल को आमंत्रित किया है।

इस अवसर पर श्री अग्रवाल ने कहा कि 'भारत के टेक्सटाइल उद्योग की क्षमता को उजागर करना केवल एक दृष्टिकोण नहीं है, यह एक प्राप्य वास्तविकता है। 2030 तक 350-400 अरब डॉलर के आँकड़े तक पहुँचने के लिए, हमें वैश्विक रुझानों को अपनाना होगा, साझेदारी को बढ़ावा देना होगा, श्रम सुधारों का प्रबंधन करना होगा और आयात निर्भरता को कम करते हुए अपनी मूल्य श्रंखला को मजबूत करना होगा। आइए सहयोग करें, नव प्रवर्तन करें और भारतीय कपड़ा और टेक्सटाइल उद्योग के लिए एक उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करें।'

भारतीय कपड़ा उद्योग में 2030 तक 350 बिलियन अमेरिकी डॉलर के बाजार तक पहुँचने की क्षमता है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए उद्योग को अपनी क्षमताओं का निर्माण करने और प्रमुख वैश्विक एवं घरेलू अवसरों को पकड़ने और विभिन्न सरकारी पहलों का लाभ उठाने की आवश्यकता है।

इस कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सरकारी पहलों का उद्योग में अधिक प्रतिस्पर्धी बनने के लिए अपनी मौजूदा शक्तियों का लाभ उठाने और सर्वोत्तम वैश्विक प्रथाओं को अपनाने की आवश्यकता एवं रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया गया। साझेदारी और सहयोग के माध्यम से उद्योग के विकास को गति देना और अनुकूल वातावरण त्वरित विकास के लिए सरकारी तालमेल को मजबूत करने पर भी जोर दिया गया।

श्री अग्रवाल सदैव परिवर्तनशील रहे हैं। उनके नेतृत्व में डोनियर ग्रुप वर्तमान में एक फैब्रिक टेक्सटाइल कंपनी से भारत के अग्रणी लाइफस्टाइल और फैशन हाउस में परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। एक कुशल लीडर के रूप में, श्री राजेंद्र अग्रवाल उत्कृष्टता के प्रति समर्पित, परिवर्तन के प्रति अनुकूलन और नवीनीकरण की निरंतर खोज में प्रय|शील रहते हैं।

उनके मार्गदर्शन में डोनियर ग्रुप ने दो विश्व प्रसिद्ध कपड़ा कंपनियों जीबीटीएल लिमिटेड और ओसीएम प्राइवेट लिमिटेड का सफलतापूर्वक अधिग्रहण किया है। RSWM लिमिटेड के मयूर ब्रांड के अलावा, ग्राडो (पूर्व में ग्रासिम सूटिंग), OCM और ग्रेविएरा जैसे प्रसिद्ध ब्रांडों के साथ अपने प्रोडक्ट पोर्टफोलियों को मजबूत किया है । इन रणनीतिक कदमों ने डोनियर ग्रुप के वैश्विक पदचिह्न का विस्तार किया है।

यार्न निर्माण, फैब्रिक से लेकर रिटेल क्षेत्र की दुनिया में एक प्रतिष्ठित व्यवसायी हैं जो अपने दूरदर्शी दृष्टिकोण और आधुनिकता के प्रति प्रतिबद्धता के लिए जाने जाते हैं। V.J.T.I., मुंबई से टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी में स्वर्ण पदक विजेता के साथ कपड़ा उद्योग में उत्कृष्टता और विशेषज्ञता की भावना से प्रविष्ट हुए।

श्री अग्रवाल के दृष्टिकोण में अग्रणी फैब्रिक्स निरंतर उत्पाद विकास और रणनीतिक रूप से मजबूत विपणन नेटवर्क की स्थापना को जन्म दिया है। इस दृष्टिकोण ने न केवल डोनियर ग्रुप की निरंतर वृद्धि सुनिश्चित की है, बल्कि ब्रांडेड मेन्सवियर सूटिंग फैब्रिक के प्रमुख निर्माता के रूप में वैश्विक पहचान भी हासिल की है, जो पी/वी, टीआर, पी/डब्ल्यू, 100 प्रतिशत वूल और वूल सहित उच्च गुणवत्ता वाले फैब्रिक की एक विस्तृत श्रंखला पेश करता है।

अपने फैब्रिक्स प्रयासों के अलावा डोनियर ग्रुप रिटेल क्षेत्र में भी प्रगति कर रहा है। D'Cot ब्रांड को सफलतापूर्वक स्थापित करने के बाद अब 2 नए रिटेल चेन ब्रांड लॉन्च करने की तैयारी कर रहे हैं, जिससे बाजार में उनकी उपस्थिति में और विविधता आएगी जो कंपनी की यात्रा में एक महत्त्वपूर्ण मील का पत्थर है। एक कुशल नेता के रूप में श्री राजेंद्र अग्रवाल की विरासत उत्कृष्टता के प्रति उनके समर्पण, परिवर्तन के प्रति अनुकूलनशीलता और नवीनता की निरंतर खोज से चिह्नित है। उनके नेतृत्व ने डोनियर ग्रुप को एक परिवर्तनकारी यात्रा पर आगे बढ़ाया है, जो खुद को भारत के अग्रणी लाइफस्टाइल और फैशन हाउस के रूप में स्थापित करने के लिए तैयार है।







GORAKHPUR
Textile Industries
& Trade Edition

22 अक्टूबर से 6 नवम्बर, 2023
SINCE 1998
टेक्सटाइल वर्ल्ड
Happy Diwali

## यूनिफॉर्म फैब्रिक में क्वालिटी प्रोडक्ट निर्माण में शीर्ष पायदान पर

# सीता कॉटेज इण्डस्ट्रीज




गोरखपुर / पोद्दार परिवार द्वारा कपड़ा व्यापार में सन् 1965 से इस क्षेत्र में कार्य की शुरूआत की गई। जिसमें परिवार के सदस्यों द्वारा अपनी कार्य कुशलता एवं बेहतर अनुभव से स्थानीय मण्डी में पोद्दार ग्रुप ने अपनी व्यापक पहचान बनाई और कपड़ा उत्पादन, होलसेल सप्लाई एवं रिटेल क्षेत्र में ब्राण्ड्स की सेल में विशिष्टता हासिल की है।

**यूनिफॉर्म फैब्रिक उत्पादन**- इस क्षेत्र में प्रमुख कम्पनी सीता कॉटेज इण्डस्ट्रीज के अन्तर्गत यूनिफॉर्म फैब्रिक की विभिन्न क्वालिटियों का उत्पादन किया जा रहा है। कम्पनी के डायरेक्टर श्री कुन्ज बिहारी पोद्दार के प्रबन्धन से यूनिफॉर्म ब्राण्ड्स ने बाजार में बेहतर जगह बनाई है।

**विपणन एवं सेल्स नेटवर्क**- कम्पनी का सेल्स नेटवर्क एक सुव्यवस्थित मार्केटिंग के तहत् यूपी, राजस्थान, मध्यप्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु, असम, प. बंगाल, बिहार, झारखण्ड एवं पूर्वोत्तर भारत की कई वस्त्र मण्डियों में स्थापित है। कम्पनी अपना कारोबार एक नियत सिस्टम के तहत एजेण्ट एवं डीलर बेस पद्धति के आधार पर करती है।




**प्रमुख ब्राण्ड्स एवं प्रोडक्ट्स**- यूनिफॉर्म फैब्रिक सेगमेण्ट में कम्पनी 12 माह उम्दा क्वालिटी के फैब्रिक का निर्माण करती है, जो बाजार में डिमाण्ड से बिकती है। प्रमुख क्वालिटी ब्राण्ड में सीता एक्सक्लूसिव सूटिंग, STAR-HIT एवं अकाई के अन्तर्गत यूनिफॉर्म फैब्रिक बाजार में डिमाण्ड के साथ बिकती है। यूनिफॉर्म फैब्रिक मुख्यतः स्कूल, कॉलेज, इंस्टीट्यूट, हॉस्पिटल, होटल एवं कॉर्पोरेट सेक्टर में सप्लाई की जा रही है। सीता कॉटेज में बढ़ते कार्यभार के कारण शामिल हुए युवा उद्यमी श्री अभिषेक पोद्दार पिछले कुछ वर्षों से अपनी बेहतर सेवाएँ दे रहे हैं, जिनका कम्पनी के प्रबन्धन कार्य में काफी योगदान है। कम्पनी के अन्य ब्राण्ड गोल्डबाई एस.सी. इण्डस्ट्रीज के तहत भी फैब्रिक का निर्माण किया जा रहा है। कम्पनी के डायरेक्टर श्री कुंज बिहारी पोद्दार ने बताया कि फैंसी व यूनिफॉर्म सूटिंग फैब्रिक पीवी&पीसी में उत्पादन कर रहे हैं। प्लेन सूटिंग में कम्पनी के पास ट्रोविन, टेक्सच्राइज्ड, ट्विल, टसर के तहत 25 से 30 वैरायटियाँ बाजार में हैं तथा चलन के लिहाज से सभी कलर्स में माल तैयार किया जाता है। इनके अलावा कम्पनी के अन्य रेग्युलर डिमाण्ड से बिकने वाली क्वालिटियों मे प्लेटिनियम, रेपिड, मिक्सर एवं एटीएन शामिल हैं।

**होलसेल कपड़ा व्यवसाय में अग्रणी पोद्दार टेक्सटाइल** - गोरखपुर स्थानीय होलसेल कपड़ा व्यवसाय में पोद्दार टेक्सटाइल्स का नाम यहाँ के टॉप घरानों में शीर्ष पायदान पर शामिल होता है। इसके संचालक श्री महेश पोद्दार ने व्यापार की जानकारी देते हुए बताया कि पोद्दार टेक्सटाइल देश के कई नामी-गिरामी वस्त्र उत्पादक कम्पनियों के उत्पाद सेल कर रही है, जिसमें सूटिंग-शर्टिंग, साड़ीज, लेडीज सूट एवं ड्रेस मटीरियल शामिल है। फर्म होलसेल व्यापार में पूर्वांचल क्षेत्र में अपनी महत्त्वपूर्ण भागीदारी रखती है एवं उपभोक्त I को बाजार में बदलते फैशन ट्रेण्ड एवं सीजन की डिमाण्ड अनुसार प्रत्येक तरह के उत्पाद सप्लाई करने को प्रतिबद्ध है। फर्म के प्रमुख सहयोगियों में श्री विनीत पोद्दार एवं श्री विभोर पोद्दार व्यापार में अपनी बेहतर सेवाएँ दे रहे हैं तथा अपने रिटेलर्स को सदैव बेहतर सेवाएँ देने के लिये पूर्ण रूप से तत्पर हैं। फर्म प्रमोशन ब्राण्डिंग कार्यक्रम के द्वारा सालाना बिक्री आधारित योजना के तहत व्यापारियों को विदेश भ्रमण भी करवातीं है तथा इसी कार्यक्रम के तहत् प्रतिवर्ष एक ही छत के नीचे व्यापारियों को कई क्वालिटी उत्पादों एवं ब्राण्ड्स को डिस्प्ले के माध्यम से कॉन्फ्रेंस का आयोजन कर माल उपलब्ध कराती है। गौरतलब है कि पोद्दार टेक्सटाइल्स अपने व्यापारियों को कई बार विभिन्न देशों की हवाई यात्रा करवा चुके हैं।

**होलसेल दरों में रिटेल सेल**- ग्रुप द्वारा शहर में सांवरिया प्रतिष्ठान नाम से भव्य शोरूम स्थापित किए जिसमें तीसरा प्रतिष्ठान शीघ्र ही गतिमान होगा।

## पूर्वांचल के प्रमुख औद्योगिक शहर गोरखपुर में गीडा इंडस्ट्रियल क्षेत्र में विस्तार लेता औद्योगिक डवलपमेंट

**गोरखपुर/ दीपक कारिवाल (अध्यक्ष लघु उद्योग भारती गोरखपुर इकाई)** शहर के नये औद्योगिक क्षेत्र के रूप में गीडा की स्थापना सन् 1990 में हुई। उस समय दूसरे प्रदेशों से उद्यमियों को रिक्वेस्ट के आधार पर यहाँ उद्योग लगाने के लिए आमंत्रित किया गया था। आज गीडा का विकास एवं विस्तार बहुत ही तेज गति से हो रहा है तथा अन्य राज्यों एवं विदेशों के उद्यमी यहाँ अपना उद्योग लगाने के लिए उत्सुक हैं।

सन् 2017 तक गीडा का विस्तार उस गति से नहीं हो पाया, जो एक औद्योगिक क्षेत्र का होना चाहिए। गोरखपुर के औद्योगिक विकास का परिवर्तन सही मायने में परम पूज्य योगी श्री आदित्यनाथ महाराज के 2017 में मुख्यमंत्री बनने के बाद से ही हुआ है। अब गीडा का विस्तार भीटी रावत से लेकर धुरियापार तक हो रहा है। नया उद्योग लगाने के लिए देश विदेश के लोग आकर्षित हैं। हमारे पास लोगों के फोन आते रहते हैं और सरकार की योजनाओं तथा गीडा की तरफ से दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में पूछते हैं। प्लास्टिक पार्क, रेडीमेड पार्क, लोजिस्टिक्स पार्क आदि बनने के बाद गोरखपुर का नाम प्रदेश में औद्योगिक क्षेत्र में अव्वल हो जाएगा। गीडा प्रशासन की कार्यप्रणाली में भी बहुत सुधार हुआ है। गीडा की वेबसाइट भी बन रही है जिस पर उद्यमी अपने प्लॉट संबंधी सारी जानकारी देख सकते हैं। गीडा में CETP की स्थापना जल्द हो जाये तो और भी बड़े उद्यमी यहाँ उद्योग लगाने आएंगे। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के पास एक नया औद्योगिक गलियारा बसाया जा रहा है जिसमें वेयरहाउस के लिए भी जगह दी जा रही है। इसमें बड़ी-बड़ी कंपनियां अपने वेयरहाउस बनाने की तैयारी में है।

प्रदेश सरकार द्वारा गोरखपुर को 'एक जिला एक उत्पाद' के अंतर्गत रेडीमेड को भी शामिल किया गया। टेराकोटा पहले से 'एक जिला एक उत्पाद' में शामिल था। इससे गोरखपुर में रेडीमेड गारमेण्ट को बढ़ावा मिल रहा है और रेडीमेड गारमेण्ट की छोटी-बड़ी बहुत सारी नयी इकाइयाँ इस समय कार्य कर रही है। जल्द ही गीडा में फ्लैटेड फैक्ट्री का भी निर्माण शुरू होने वाला है।


पूज्य योगी श्री आदित्यनाथ की सरकार बनने के बाद उनके द्वारा एक और महत्त्वपूर्ण कदम उठाया गया है जिसमें एमएसएमई के उद्यमी जिनका बकाया चाहे वह सरकारी विभाग में हो या उनके व्यापार में हो उसकी प्राप्ति के लिए प्रदेश के सभी 18 मण्डलो में मण्डलीय फैसिलिटेशन काउंसिल की स्थापना की गई है। प्रदेश में पहले सिर्फ 1 फैसिलिटेशन काउंसिल कानपुर में था। इस काउंसिल के अंतर्गत एमएसएमई के उद्यमी 90 दिन के अंदर अपनी बकाया राशि प्राप्त कर सकते हैं। गोरखपुर मण्डल के फैसिलिटेशन काउंसिल के सदस्य के रूप में भी श्री दीपक कारीवाल (अध्यक्ष लघु उद्योग भारती गोरखपुर) सेवाएं दे रहे हैं।




गौरतलब है कि 27 जून 2020, अंतरराष्ट्रीय उद्यमी दिवस के शुभ अवसर पर लघु उद्योग भारती की गोरखपुर इकाई का विधिवत् शुभारंभ ऑनलाइन वर्चुअल मीटिंग से हुआ था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार के केबिनेट मिनिस्टर श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री ओम प्रकाश, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं जीएसटी कॉउन्सिल की एडवाइजरी कमेटी के सदस्य श्री राकेश गर्ग, राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री लघु उद्योग भारती एवं उपाध्यक्ष लघु उद्योग निगम (दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री) उपस्थित थे। इसके बाद लघु उद्योग भारती उद्योगों से सम्बंधित समस्याओं एवं उसमें सुधार के लिए लगातार कार्य कर रहा है। समय-समय पर माननीय मुख्यमंत्री जी से मिलकर समस्याओं एवं सुझावों की तरफ ध्यान आकर्षित कराया गया है। जिला उद्योग बंधु एवं मण्डलीय उद्योग बंधु के माध्यम से भी समस्याओं का निराकरण कराया जा रहा है।

लघु उद्योग भारती की गोरखपुर इकाई के युवा सदस्य आयुष गर्ग जिन्होने लोकल फॉर वोकल एवं आत्मनिर्भर भारत के तहत अपना स्टार्टअप शुरू किया है जिसमें वे एमडीएफ बोर्ड से बने एजुकेशनल गेम्स एवं एक्टिविटी बेस्ड टॉयज के माध्यम से बच्चों के बौद्धिक विकास, मानसिक विकास, भाषा, मैथ्स, विज्ञान, सकल मोटर कौशल एवं सम्पूर्ण कौशल विकास के लिए एजुकेशनल टॉयज का उत्पादन करते हैं।

इसी प्रकार लघु उद्योग भारती की गोरखपुर इकाई की सदस्या महिला उद्यमी संगीता पाण्डेय जो विभिन्न प्रकार के पैकिंग बॉक्स बनाती हैं। उन्होंने मात्र 1500 रुपए से व्यवसाय शुरू किया और आज लाखों का कारोबार कर रही है। आपको उद्योग के क्षेत्र में गोरखपुर रत्न पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया है। इसी प्रकार समाज के लगभग हर क्षेत्र के उद्यमियों को गोरखपुर इकाई का सदस्य बनाया गया है।










# युनिफॉर्म सेक्टर में सूटिंग-शर्टिंग निर्माण की प्रसिद्ध फर्म- पुनीत टेक्सटाइल्स





**गोरखपुर**

स्थानीय कपड़ा उत्पादन क्षेत्र में शर्टिंग यूनिफॉर्म निर्माण में सबसे पुरानी एवं विश्वसनीय फर्म पुनीत टेक्सटाइल पिछले 24 वर्षों से इस क्षेत्र में कार्यरत है।

कार्य की शुरूआत फर्म के संस्थापक ऑनर श्री पवन कुमार अग्रवाल द्वारा की गई थी, तब से इन्होंने बेहतर सफलता हासिल की है। व्यापार में प्रमुख रूप से सहयोगी इनके पुत्र श्री विनीत कुमार अग्रवाल ने अपने कार्य क्षेत्र के बारे में बताया कि हमारी फर्म क्वालिटीयुक्त उत्पादों का ही निर्माण करती है। हमारी फर्म सूटिंग उत्पादन में भी कार्य शुरू कर चुकी है, जिसमें यूनिफॉर्म फैब्रिक की विभिन्न कलर रेंज बना रही है।

**शर्टिंग-** शर्टिंग उत्पादन में गोरखपुर वस्त्र मण्डी में प्रथम फर्म जिन्होंने इस क्षेत्र में कदम रखा तथा वर्तमान में रेमण्ड कॉटन एवं स्विस कॉटन का बेहतरीन क्वालिटीयों में माल तैयार करती है तथा 36'' व 44'' दोनों में क्रमशः 10-15 कलर रेंज एवं 25-30 कलर रेंजो में वर्ष भर माल का उत्पादन एवं विक्रय कर रही है। श्री विनित अग्रवाल ने बताया कि स्विस कॉटन 44'' में 30 कलर रेंजों का वर्ष भर उत्पादन एवं विक्रय करती है।

स्विस कॉटन 44'' में 30 कलर रेंजों का उत्पादन एवं विक्रय करती है। इसके अलावा कम्पनी प्रोग्राम आधारित (APC) सूटिंग-शर्टिंग फैब्रिक का निर्माण कर उपलब्ध कराने में भी महारत रखती है। श्री अग्रवाल ने कहा कि कम्पनी स्कूल यूनिफॉर्म सप्लाई में विशिष्टता रखने के अलावा फैंसी तथा प्लेन शर्टिंग का भी निर्माण करती है।

**मार्केटिंग सेल्स -** कम्पनी के युवा प्रबन्धक श्री विनीत अग्रवाल ऊर्जावान रहते है और बाजार के ट्रेण्ड के अनुसार अपने उपभोक्ता को श्रेष्ठ उत्पाद देने की सोच सदैव रखते है। मार्केटिंग क्षेत्र में इन्होंने मजबूत नेटवर्क स्थापित किया है। वर्तमान में एजेन्ट प्रणाली से माल सप्लाई कर रही है जिसमें यूपी, बिहार एवं अन्य क्षेत्र शामिल हैं। इसके अतिरिक्त कम्पनी अपने कार्य विस्तार के तहत् देश के अन्य क्षेत्रों में भी व्यापारियों को अपने सिस्टम में माल सप्लाई के लिये प्रयासरत है।

**सूटिंग फैब्रिक-** कम्पनी सूटिंग उत्पादन में भी महत्त्वपूर्ण अहमियत रखती है जो अपने प्रमुख ब्राण्ड डायमण्ड गोल्ड एवं केपिटल नाम से उत्पादन एवं विक्रय कर रही है।






# टेक्सटाइल एजेंसी क्षेत्र में विश्वसनीय नाम

# श्री गणेश टेक्सटाइल एजेन्सी



गोरखपुर/ स्थानीय वस्त्र मण्डी में कपड़ा उत्पादकों एवं होलसेलर्स के बीच विश्वसनीयता बनाने में सफल एजेंसियों में गणेश टेक्सटाइल प्रतिष्ठित नामों में शामिल है। फर्म के प्रबन्धक श्री श्याम सुन्दर रूंगटा एवं श्री अजय रूंगटा सन् 1992 से निरन्तर इस क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। एजेन्सी में कार्य श्री अजय रूंगटा द्वारा उत्पादकों एवं होलसेलरों को विश्वसनीय रूप से जोड़ते हुए स्वच्छ एवं पारदर्शितायुक्त व्यापार किया जा रहा है।

कपड़ा व्यापार में मुख्यतः धोती, पोपलीन, पर्दा, साड़ी, मार्किन एवं वूलन मालों की सप्लाई प्रमुखता से होती है, जिसमें बीटी मिल बुरहानपुर, कोचर-अमृतसर, शॉल ट्रेडिंग कॉर्पोरेशन ब्रदर्स- लुधियाना व पर्दे में काका-ग्रुप शामिल हैं। साड़ी सप्लाई में मथुरा निर्मित राधिका प्रिण्ट्र्स एवं दशमेष धोती मुम्बई का काम भी शामिल किया गया है।

**वितरण क्षेत्र**

फर्म का नेटवर्क गोरखपुर एवं इसके आस-पास आजमगढ़, जोनपुर, बस्ती, खलीलाबाद, देवरिया, कानपुर एवं पड़ोसी देश नेपाल की वस्त्र मण्डियों तक फैला हुआ है। श्री रुंगटा ने बताया कि कपड़ा व्यापार में हम बेहतर सेवाएँ देने एवं क्वालिटी उत्पाद आपूर्ति में सदैव तत्पर रहे हैं। व्यापार के बेहतर भविष्य की कामना करते हैं। हमारे व्यापारियों को प्रॉपर सर्विस देना ही हमारा प्रमुख लक्ष्य है। फर्म द्वारा व्यापार की सुलभता एवं सेल्स नेटवर्क विस्तार को देखते हुए कानपुर में भी ब्रान्च कार्य कर रही है और इसके चलते हमारे सेल्स नेटवर्क का विस्तार हुआ है।






# गोरखपुर एक ऐतिहासिक स्थल जहापर गीताप्रेस एवं गुरू गोरक्षनाथ का भव्य मन्दिर स्थित है

**गोरखपुर/ लालजी सिंह**

**गीता प्रेस-** गीता प्रेस आज किसी परिचय की आवश्यकता नहीं रखती है। इसकी स्थापना ब्रह्मलीन परमश्रद्धेय श्री जयदयाल जी गोयन्दका (सेठजी) द्वारा विक्रम संवत् 1980 (सन् 1923) के मई महीने में हुई थी। आरम्भ से ही यह संस्था एक धार्मिक संस्था के रूप में विख्यात रही है। यहां पर हिन्दू धर्म की विभिन्न दुर्लभ पुस्तकें, हैण्डलूम एवं टेक्सटाइल वस्त्र सस्ते मूल्य पर सेल किए जाते हैं। विश्वप्रसिद्ध पत्रिका कल्याण का प्रकाशन भी यहीं से किया जाता है।

**गोरखनाथ मन्दिर-** यहां विश्वविख्यात नाथ सम्प्रदाय के संस्थापक परम सिद्ध गुरू गोरखनाथ का अत्यन्त भव्य मंदिर स्थित है। ज्ञातव्य है कि भारत वर्ष का कोई प्रदेश, अंचल या जनपद नहीं है जिसे नाथ सम्प्रदाय के सिद्धों या योगियों ने अपनी चरणरज, साधना और तत्व ज्ञान की महिमा से पवित्र न किया हो। योगेश्वर गोरखनाथ ने भगवती राप्ती नदी के तटवर्ती गोरखपुर नगर में त्रेतायुग में तपस्या की थी। श्री राम के त्रेतायुग के अवतार में भी इस स्थान का वर्णन उपलब्ध है। गोरखनाथ मन्दिर के महन्त योगी राजराजेश्वर गुरू गोरखनाथ जी के प्रतिनिधि के रूप में सम्मानित होते हैं। वर्तमान में इस उत्तरदायित्व का निर्वहन श्री योगी आदित्यनाथ जी कर रहे हैं एवं उत्तरप्रदेश सूबे के मुख्यमंत्री के पद पर भी सेवाएं दे रहे हैं। इसी शहर से हैं सूबे के मुख्यमंत्री श्री आदित्यनाथ योगी। स्थानीय गोरखपुर स्थित प्रसिद्ध गोरखनाथ पीठ के महंत पद पर आसीन श्री योगी, जो पिछले कार्यकाल में कई बार सांसद पद पर भी रहे परन्तु अब यूपी के मुख्यमंत्री की कमान इन्हीं के हाथों में है। ऐसे में गोरखपुर टेक्सटाइल इण्डस्ट्री को काफी बल मिल सकता है क्योंकि केन्द्र में भी भाजपा सरकार है। कई उद्यमियों ने बातचीत में आशा जताई कि माननीय मुख्यमंत्री इस क्षेत्र पर ध्यान देंगे।



महादेव के अवतार गुरू गोरक्षनाथ

इस क्रम में टेक्सटाइल पार्क एवं क्लस्टर के रूप में उद्यमियों के सहयोग में काफी संभावनाएँ नजर आ रही है। योगी जी के इस पद पर बैठने के बाद शहर के व्यापारियों ने बताया कि क्षेत्र में काफी कार्य हुए, जिसमें गोरखपुर में एम्स की स्थापना, एयरपोर्ट चालू करने से यहां से कई बड़े शहरों के लिये नियमित उड़ान सुविधा हो चुकी है। चौतरफा बड़े शहरों को राजमार्गो से भी जोड़ा जा रहा है, फर्टीलाइजर कारखाना भी शुरू होने जा रहा है जिसमें रोजगार उपलब्ध होंगे। प्राकृतिक गैस की लाइन का कार्य प्रगति पर है, जिससे (PNG)के रूप में घरों में कनेक्शन की सुविधा भी शहर के वाशिन्दों को मिलेगी। पर्यटन के रूप में शहर में स्थित झील के सौन्दर्यीकरण एवं चिड़ियाघर का कार्य भी काफी डवलप हुआ है।


# गीडा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय उत्पादों की हो प्रदर्शनी -स्थानीय उद्यमी






**गोरखपुर/ लालजी सिंह**

इस माह की 16 अक्टूबर को माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय गोरखपुर दौरे पर आए। इस दौरान स्थानीय उद्यमियों ने गोरखनाथ मंदिर कार्यालय में मुलाकात की जिसमें गोरखपुर चेंबर ऑफ इंडस्ट्रीज के पूर्व अध्यक्ष श्री एस के अग्रवाल एवं श्री विष्णु अजीत सरिया के नेतृत्व में पहुँचे। उद्यमियों ने गीड़ा औद्योगिक क्षेत्र में हुए डवलपमेण्ट का गीडा स्थापना दिवस पर स्थानीय उत्पादों का भव्य प्रदर्शन कर बड़ा आयोजन करवाने का सुझाव दिया।



उद्यमियों ने कहा कि इस बार का गीडा दिवस भव्य होना चाहिए जिससे पूरे देश में इसका संदेश जाए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने आईजीएल के वरिष्ठ प्रबंधक प्रशासन एवं जनसंपर्क डॉ. सुनील कुमार मिश्र द्वारा लिखित पुस्तक 'एडमिनिस्ट्रेटिव मेथड एंड प्रोसीजर्स ऑफ ऑफिस मैनेजमेंट इन इंडियन फैक्ट्रीज' की सराहना की। मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान उद्यमियों ने कहा कि स्थानीय स्तर पर स्कूलों में एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) के तहत संचालित इकाइयों से ड्रेस लिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ड्रेस का पैसा अभिभावक के खाते में जाता है। उन्हें इस बात के लिए प्रेरित किया जाएगा। उद्यमियों ने कहा कि गीडा दिवस पर 200 से अधिक स्टॉल लगाने की जरूरत है। ऐसा करने से स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा मिलेगी। उन्होंने एमएमयूटी में कौशल विकास के पाठ्यक्रम शुरू कराने को कहा। इस मांग पर मुख्यमंत्री ने कहा कि नाइलेट ऐसे पाठ्यक्रम संचालित कर रहा है। गीडा के विकास को देखते हुए सहजनवां रेलवे स्टेशन के उच्चीकरण की मांग भी की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस संबंध में बात की जाएगी। उद्यमियों ने कहा कि इससे निर्यात को भी बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री से मिलने वालों में डॉ. सुनील कुमार मिश्र एवं लालजी सिंह भी शामिल रहे।



गोरखपुर में टेक्सटाइल वर्ल्ड समाचार पत्र प्राप्त करने के लिये सम्पर्क करें-
तेज प्रताप सिंह
मो. 93369-89682


# सूटिंग-शर्टिंग के ब्राण्ड्स उत्पादों की आपूर्ति में अग्रणी

# शिव सिन्थेटिक्स



गोरखपुर / स्थानीय होलसेल कपड़ा व्यापार में प्रतिष्ठित घरों में शुमार शिव सिन्थेटिक्स सूटिंग-शर्टिंग के टॉप ब्राण्ड्स के उत्पादों की सप्लाई कर रही है। फर्म की स्थापना 34 वर्ष पूर्व ऑनर श्री बालकृष्ण रूंगटा द्वारा की गई थी तब से उनके परिश्रम एंव कुशल नेतृत्व से आज इस क्षेत्र में बेहतर नाम स्थापित है।

सूटिंग-शर्टिंग फैब्रिक में डोनियर कॉटन, ocm, जॉर्जियो गुलेनी, नोसारी कॉटन, अलविनो, क्यूमेक्स युनिफॉर्म इत्यादि निर्मित प्रोडक्ट सेल कर रहें है। श्री रूंगटा ने बताया कि कपड़ा बाजार कुछ लम्बे समय से संघर्ष से गुजर रहा है। क्योंकि पिछला सीजन आशानुरूप नही रहा। अतः आगे त्योहारी एंव लग्न सीजन से उम्मीद है कि व्यापार की अच्छी डिमाण्ड रहेगी।

इनका व्यापार गोरखपुर के आसपास 150 km के अंतर्गत बेहतर नेटवर्क में संचालित हो रहा है। बाजार में उपभोक्ता वूलन, PV, टेरीवूल, कॉटन, गीजा कॉटन, TR, लिनन के साथ ही नेचुरल फाइबर की बॉम्बे में काफी रेंज बिक रही है।




## रेडीमेड यूनिफॉर्म निर्माण में भी बेहतर क्रिएशन

# यूनिफॉर्म फैब्रिक उत्पादन की अग्रणी कम्पनी श्याम एण्टरप्राइजेज




गोरखपुर/ देश के कई क्षेत्रों में यूनिफॉर्म फैब्रिक सप्लाई करने वाली कम्पनी श्याम एण्टरप्राइजेज इस क्षेत्र में अपना बेहतर वर्चस्व स्थापित कर चुकी है। फैब्रिक निर्माण के साथ-साथ कम्पनी द्वारा रेडीमेड यूनिफॉर्म भी सप्लाई की जा रही है। कम्पनी को अनुभवी एवं कुशल नेतृत्व से संचालन करने वाले प्रबंधकों में श्री राजीव कानोड़िया एवं श्री मयंक अग्रवाल इस क्षेत्र में बेहतर पहचान बनाते हुए गुणवत्तायुक्त यूनिफॉर्म फैब्रिक का विभिन्न कॉउण्ट्स में उत्पादन कर रहे हैं।

### यूनिफॉर्म उत्पाद

कम्पनी शत प्रतिशत यूनिफॉर्म सूटिंग का उत्पादन कर रही है एवं पूरे वर्षभर माल सप्लाई करने में सक्षम है। ये यूनिफॉर्म के प्रमुख कलर रेंजों में 15-20 तक एवं 2/40, 2/30 पीवी, पीवी, पीएसवाई/ पीएसवाई, काउण्ट में मुख्यतौर पर माल बना रहे हैं। कम्पनी के अन्य उत्पादों में 150 कॉटलुक में 250-300 ग्राम की क्वालिटियों के उत्पाद शामिल हैं। कम्पनी यूनिफॉर्म की आपूर्ति विभिन्न सेगमेंट के लिये कर रही है जिसमें स्कूल, शैक्षणिक संस्थान, हॉस्पिटल, होटल एवं अन्य इण्डस्ट्रीज शामिल हैं।

### शर्टिंग

कम्पनी शर्टिंग उत्पादन में भी महारत रखती है, जिसमें 44'' रेमण्ड कॉटन, 36'' पने में निर्माण शामिल है। इसके अन्तर्गत लगभग 15 कलर मेन्टेन करते हैं। कम्पनी रेडीमेड कम्पनियों को काफी मात्रा में माल सप्लाई कर रही है। कम्पनी अपना सेल्स नेटवर्क बेहतर स्थापित करते हुए उत्तरप्रदेश, बिहार, बंगाल, झारखण्ड के साथ देश के अन्य क्षेत्रों में भी माल सप्लाई कर रही है।

### न्यू डवलपमेण्ट

बाजार के बदलते परिदृश्य के मद्देनजर कम्पनी द्वारा कैटलॉग आइटम में वृद्धि की गई है और इन क्वालिटियों में बेहतर डवलपमेण्ट के कारण बाजार से अच्छा समर्थन प्राप्त हो रहा है।

### व्यापार विस्तार

कम्पनी के उत्पादों को देश की कई अन्य मण्डियों में पहुँचाने के लिए व्यापार में विस्तार के तहत सेल्स रिक्वायरमेण्ट की गई है।









# यूनिफॉर्म सूटिंग-शर्टिंग फैब्रिक निर्माण में प्रमुख

# दुर्गा ट्रेडिंग कम्पनी




गोरखपुर/ स्थानीय कपड़ा उत्पादन में प्रसिद्ध दुर्गा ट्रेडिंग कम्पनी ने निरन्तर डवलपमेण्ट के साथ अपने ब्राण्ड को देश के कई क्षेत्रों में पहचान दिलाई है। कपड़ा व्यापार में श्री अशोक कुमार देवड़ा ने 1975 से अपना व्यवसाय शुरू करते हुए हेण्डलूम धोती एवं गमछा निर्माण में महारत हासिल की। कारोबार में मिली सफलता के मद्देनजर श्री देवड़ा के युवा सुपुत्र श्री नितिन देवड़ा भी 2005 से कार्य देखने लगे एवं उन्होंने अपने अनुभव एवं परिश्रम से यूनिफॉर्म सेगमेण्ट में सूटिंग-शर्टिंग उत्पादन करते हुए बेहतर डवलपमेण्ट के साथ ब्राण्ड को ऊँचाइयाँ प्रदान की। श्री नितिन ने अपने कारोबार की जानकारी देते हुए बताया कि हमारी कम्पनी ब्राण्ड **DTC** के अन्तर्गत यूनिफॉर्म उत्पादों में सूटिंग-शर्टिंग तथा शत-प्रतिशत कॉटन गमछा व धोती का निर्माण कर रही है।

**यूनिफॉर्म उत्पाद-** इस सेगमेंट में 2/30 psy, 2/30 pv, 2/40 pv, 150 रोटो, 80 कोटलुक के अन्तर्गत लगभग 20-25 कलर रेंजों में सूटिंग फैब्रिक का उत्पादन किया जा रहा है।

**शर्टिंग उत्पादन-** कम्पनी सूटिंग के अलावा यूनिफॉर्म शर्टिंग का भी विशेष रूप से निर्माण कर रही है, जिसमें रेमण्ड कॉटन 44'' एवं 36'' पने में एवं स्कूल चैक्स तथा प्लेन फैब्रिक में भी बेहतर माल तैयार करते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि यूनिफॉर्म फैब्रिक APC डिमाण्ड (प्रोग्राम आधारित) के अनुसार भी विशेष रूप से बनाकर सप्लाई करने में सक्षम हैं।

**आपूर्ति-** कम्पनी अपने उत्पाद स्कूल यूनिफॉर्म इंस्टीट्यूट कॉर्पोरेट, इण्डस्ट्री एवं अन्य सेक्टर में सप्लाई कर रही है।

**सप्लाई-** कम्पनी का सेल्स नेटवर्क यूपी, बिहार, राजस्थान, छत्तीसगढ़ एवं बंगाल में सुस्थापित है। इसके अलावा कम्पनी देश के अन्य क्षेत्रों के लिये भी एजेन्ट के माध्यम से व्यापारियों को आमन्त्रित कर रही है, जिससे कि क्षमता विस्तार हो सके। इसके लिये अच्छे एजेण्टों के माध्यम से अन्य कई वस्त्र मण्डियों में भी नेटवर्क स्थापित किया जा रहा है।






# सदैव अच्छी क्वालिटी उत्पाद सप्लाई एंव बेहतर नेटवर्क के मद्देनजर बनाई विशेष पहचान

# गौरव सिंथेटिक्स





**गोरखपुर**

व्यापार का शुभारम्भ 30 वर्ष पूर्व श्री सज्जन जालान द्वारा किया गया तब से उत्तरोत्तर प्रगति पर चलते हुए आज इस क्षेत्र में अपने प्रतिष्ठान को विश्वसनीय फर्मों में शामिल करने में कामयाब रहे है। फर्म के संस्थापक श्री सज्जन जालान ने बताया कि आज से 30 वर्ष पूर्व जब फर्म का शुभारम्भ किया गया उस दिन 24 अक्टूबर,1993 को दशहरा था एवं इस वर्ष भी 24 अक्टूबर, 2023 को हमारे नवीन प्रतिष्ठान का शुभारम्भ है, जिसका एक बेहतर सयोंग है।

गौरव सिन्थेटिक्स होलसेल व्यापार में कई ब्राण्ड्स की आपूर्ति कर रहा है। जिसमें सूटिंग-शर्टिंग एंव यूनिफॉर्म के टॉप ब्राण्ड्स शामिल है। इनके सहयोगी प्रतिष्ठानों में श्री बालाजी सिन्थेटिक्स एवं रवि सिन्थेटिक्स में क्रमशः साड़ी एंव लेडीज सूट की आपूर्ति की जा रही है। फर्म का सेल्स नेटवर्क गोरखपुर एंव इसके 150 km की रेंज में बेहतर है। व्यापार में श्री रवि अग्रवाल एंव श्री अंकित अग्रवाल अपने अनुभव एंव कार्यकौशल से महत्त्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा रहे है।






# एजेंसी एवं ट्रेडिंग कार्य में प्रसिद्ध फर्म

# DKML Pvt. Ltd.






गोरखपुर / स्थानीय कपड़ा बाजार में टेक्सटाइल ट्रेडिंग कार्य में अपना शानदार नेटवर्क स्थापित करते हुए फर्म डिकेएमएल (DKML) ने वस्त्र व्यापार में उम्दा पहचान बनाई है। कपड़ा व्यापार में वैसे एजेंसी कार्य की शुरूआत 38 वर्ष पूर्व स्व. श्री ओमप्रकाश केडिया द्वारा की गई थी। इसी क्रम में व्यापार का कार्यभार देख रहे श्री मन्नालाल केडिया एवं इनके सुपुत्र श्री अभिषेक एवं साथ में युवा टीम श्री राजेश एवं श्री विनय केडिया के कुशल नेतृत्त्व ने इस क्षेत्र में बेहतर नेटवर्क स्थापित किया है। एजेंसी के कार्यो की जानकारी देते हुए प्रबन्धक श्री मन्नालाल केडिया ने बताया कि छ्यरूके अन्तर्गत धोती, मार्किन, साड़ी, कम्बल, पानीपत निर्मित उत्पाद मिक, पिलो, रूबिया, टु बाई टु, लालकिन, बेडशीट, खोल, मच्छरदानी की सप्लाई कर रहे है। कम्पनी पाली, बालोतरा, बुरहानपुर, इचलकरंजी एवं पानीपत निर्मित उत्पादों की सप्लाई के अन्तर्गत इन मण्डियों में बेहतर नेटवर्क बना चुकी हैं। उन्होंने कहा कि इसकी विशेष बात यह है कि 200 किमी. के दायरे में जो भी व्यापारी माल ऑर्डर करता है, उसको दूसरे ही दिन माल सप्लाई कर दिया जाता है। गीड़ा औद्योगिक क्षेत्र में स्थापित प्लाण्ट मच्छरदानी का उत्पादन करता है जो डिमाण्ड से बिक रहा है और यहाँ वेयर हाउस भी है जहाँ माल स्टोरेज की बेहतर सुविधा उपलब्ध है, जो वर्षभर माल आपूर्ति की क्षमता रखता है।

**सेल्स नेटवर्क-** कम्पनी का सेल्स नेटवर्क गोरखपुर, यूपी एवं बिहार की कई वस्त्र मण्डियों में विस्तृत है। श्री केडिया के अनुसार गोरखपुर टेक्सटाइल हब बनने जा रहा है। गीड़ा इण्डस्ट्रियल क्षेत्र में विभिन्न प्रोजेक्ट आ रहे हैं, क्योंकि गोरखपुर क्षेत्र का इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में काफी डेवलपमेण्ट हुआ है और इससे इण्डस्ट्री विस्तार को काफी बल मिलेगा।






# सूटिंग-शर्टिंग विक्रय का प्रमुख केंद्र

# शिवकुमार अजय कुमार




**गोरखपुर**

स्थानीय कपड़ा बाजार में प्रतिष्ठित फर्म शिवकुमार अजयकुमार सतत् रूप से 43 वर्ष अपने व्यापार में पूर्ण कर चुकी है। फर्म के संस्थापक श्री बद्री प्रसाद छापड़िया ने अपने अनुभव एवं कार्यकौशल से बेहतर मुकाम हासिल किया। पिछले 33 वर्षो से कार्यभार देख रहे इनके पुत्र श्री राजेश छापड़िया निरंतर अपनी पेड़ी को समय के साथ इनोवेशन करते रहे हैं और आज कई क्वालिटी के उत्पादों की आपूर्ति कर रहे हैं। श्री राजेश छापड़िया ने बताया कि सूटिंग सेल में सियाराम, ओसिएम, कडिनी, रेमंड, विमल एवं जे हेम्पस्टेड मिलो के प्रोडक्ट्स सप्लाई कर रहे हैं। शर्टिंग के अंतर्गत कडिनी, क्रिपलोन, बजाज फैब एवं यूनिफॉर्म आपूर्ति में नामचीन ब्राण्ड वालजी, महाजन एवं ATEY की सप्लाई कर रहे हैं। व्यापार में कई ब्राण्ड्स के मिक्स एंड मेच जोड़ी पैकिंग में क्वालिटी फैब्रिक भी सेल कर रहे हैं। भीलवाड़ा निर्मित कम्पनियों में सम्बोधी एवं सोनको की फैब्रिक शामिल है। इनका सेल्स नेटवर्क गोरखपुर एवं इसके आस-पास 150 किलोमीटर में विस्तृत है और ग्राहकों में इनकी अच्छी पकड़ होने से काफी संख्या में रिटेलर्स खरीदी करने आते हैं। व्यापार में इनके युवा पुत्र श्री दीपक छापड़िया बी कॉम करने के बाद पिछले 2 वर्षो से कार्य कर रहे हैं।




# पूर्वांचल क्षेत्र की पूर्णतया संगठित मिल वी एन डायर्स एण्ड प्रोसेसर्स प्रा. लि.



## ब्लेण्डेड सूटिंग निटिंग सेक्टर में भी क्वालिटी उत्पादन


गोरखपुर / स्थानीय कपड़ा उत्पादन क्षेत्र की महत्त्वपूर्ण कम्पनी वी.एन. डायर्स एण्ड प्रोसेसर्स प्रा. लि. उत्तर-पूर्वी भारत की सबसे बड़ी यूनिट के रूप में विख्यात है। कम्पनी को सरकारी मान्यता प्राप्त कम्पोजिट टेक्सटाइल मिल के रूप में दर्जा प्राप्त होने के साथ उम्दा क्वालिटी के फैब्रिक निर्माण में भी ख्याति प्राप्त है। कम्पनी का शुभारम्भ फाउन्डर श्री विष्णु प्रसाद अजीतसरिया द्वारा सन् 1993 में किया गया था। श्री विष्णुप्रसाद अजीतसरिया के युवा सुपुत्र श्री विनोद अजीतसरिया कम्पनी के प्रबन्धन कार्य में प्रमुख रूप से सेवाएँ दे रहे हैं। कम्पनी के कार्यक्षेत्र की जानकारी देते हुए श्री विनोद अजीतसरिया ने बताया कि कम्पनी द्वारा एक कम्पोजिट यूनिट सेगमेंट में आधुनिक तकनीकियुक्त मशीनों द्वारा पॉलिएस्टर एवं पीवी फैब्रिक निर्माण किया जा रहा है।

**मोडर्न तकनीकियुक्त प्रोसेस हाउस-** बेहतर फील फिनिश के लिये फैक्ट्री परिसर में स्वयं का प्रोसेस हाउस है, जिसमें तीन स्टेण्टर स्थापित हैं, जिनमें 2 स्टेण्टर पर कार्य हो रहा है। जिसका वार्षिक उत्पादन 2.5 करोड़ मीटर है। प्रोसेस गृह में नवीनतम तकनीकियुक्त मशीनरी स्थापित है, जिनमें धर्मेक्स कम्पनी के बॉयलर लगे हुए हैं। पर्यावरणीय मानदण्डों को ध्यान में रखते हुए शत-प्रतिशत ईटीपी प्लाण्ट कार्यरत है, जिसकी वजह से एक बूँद भी केमिकल युक्त पानी बाहर नहीं छोड़ा जाता है। फिलहाल गौरखपुर में 3 प्रोसेस हाउस संचालित है, जिसमें बरगदवा क्षेत्र में इनका प्रोसेस हाउस लम्बे समय से गतिमान है। जिसमें 15 लाख मीटर कपड़े का उत्पादन प्रतिमाह हो रहा है।

**सूटिंग उत्पाद-** पूर्वांचल क्षेत्र में पॉलिएस्टर, विस्कोस (67/ 33 प्रतिशत) ब्लेण्डेड सूटिंग की सबसे बड़ी उत्पादक कम्पनी है। सभी फैब्रिक्स आईएसओ 9001-2008 में उल्लेखित मानक की सभी शर्तों को पूरा करते हैं। कम्पनी द्वारा निर्मित क्वालिटी में प्लेन, ट्रोविन व मेटी सूटिंग बाजार में सप्लाई की जाती है। कम्पनी में प्रिंटिंग वस्त्रों का भी खासतौर पर उत्पादन किया जा रहा है। इस क्षेत्र में इनकी प्रमुख सहयोगी कम्पनी विनोद फैब्रिक्स भी है, जो सूटिंग उत्पादन में कार्यशील है एवं यूनिफॉर्म एक्सपोर्ट में वृहत स्तर पर कार्य कर रही हैं।

**वीविंग सेक्टर-** कम्पनी के प्लाण्ट में लेटेस्ट तकनीक की सल्जर एवं एयरजेट लूम स्थापित है जिसमें 27 एयरजेट संचालित है और इस माह दशहरें पर **27 लूम और एयरजेट के शुरू हो जाएंगे।** गौरतलब है कि ये एयरजेट मॉर्डन तकनीक को जापान से इम्पोर्ट किये गये है। कम्पनी द्वारा निटिंग एवं टेक्चराइजिंग सेल डिवीजन भी फेक्ट्री परिसर में ही संचालित की जा रही है। नये एक्सपॉन्सन के पश्चात् हर साल 10 करोड़ रूपये का कपड़ा और निर्यात किया जा सकेगा। फिलहाल 30 करोड़ रूपये लागत का कपड़ा प्रतिवर्ष एक्सपोर्ट किया जा रहा है। श्री अजीत सरिया ने बताया कि इससे और नये लोगों को रोजगार मिलेगा एवं स्थानीय बाजार की अतिरिक्त मांग भी पूरी की जा सकेगी।





### निटिंग डिवीजन- इसमें इन्टरलोक फैब्रिक व बटर स्कॉच

क्वालिटी की व्यापक रेंज मौजूद है। कम्पनी के बायर्स में कई प्रतिष्ठित फैब्रिक मैन्यूफैक्चरर्स, रेडीमेड गारमेण्ट निर्माता, यूनिफॉर्म तथा फैंसी वस्त्र उत्पादक शामिल हैं। इन प्रतिष्ठित ग्राहकों में उल्लेखनीय नाम भारतीय सेना का भी है, जिसके कठोर क्वालिटी मापदण्ड सर्वविदित हैं। कम्पनी डोमेस्टिक सप्लाई के अलावा दो कण्टेनर प्रतिमाह अपना माल एक्सपोर्ट भी कर रही है।

बेहतर प्रबंधन वी. एन. डायर्स एण्ड प्रोसेसर्स प्रा. लि. का सम्पूर्ण कार्य काफी सक्षम, अनुभवी व निदेशक श्री विष्णु प्रसाद अजीतसरिया के हाथों में है तथा कम्पनी का विजन अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में एक श्रेष्ठ टेक्सटाइल कम्पनी के रूप में उभरना है। कम्पनी में सम्पूर्ण वर्क फोर्स श्रेष्ठ एवं प्रतिभावान लोगों से गतिशील है जो सभी अपने विषय में महारत रखते हैं एवं कम्पनी भी इनको कार्य हेतु सदैव बढ़िया वातावरण उपलब्ध कराती है।

**ऊर्जा निवेश-**

**रिन्यूएबल एनर्जी की ओर कदम बढ़ाती कम्पनी बिजली उत्पादन क्षेत्र के तहत फैक्ट्री परिसर में 1600 किलो वाट का सोलर प्लाण्ट स्थापित कर चुकी है।**

# यार्न आपूर्ति करने में पूर्वांचल क्षेत्र की जानी-मानी प्रहलाद राय एण्ड कम्पनी



**गोरखपुर** / पूर्वांचल क्षेत्र में यार्न सप्लाई करने वाली प्रसिद्ध कम्पनी प्रहलाद राय एण्ड कम्पनी ने इस क्षेत्र में बेहतर मुकाम हासिल करते हुए सतत् रूप से 83 वर्ष पूर्ण किये हैं।

कम्पनी का शुभारम्भ सन् 1940 में फाउण्डर श्री प्रहलाद राय छापड़िया द्वारा किया गया और शुरूआती दौर में कॉटन धागे की आपूर्ति में अपनी पहचान बनाते हुए कई शीष मिलों का यार्न सप्लाई कर रहे है। सन् 1988 से कम्पनी में इनके पौत्र श्री विनय छापड़िया एवं श्री आशीष छापड़िया कारोबार में शामिल हुए तथा व्यापार को समय के साथ नई ऊँचाइयों की ओर ले गये। इन्होंने अपने कुशल नेतृत्त्व से सिंथेटिक्स यार्न मिलों से जुड़ते हुए पूर्वांचल क्षेत्र की शीर्ष यार्न सप्लायर के रूप में कम्पनी को पहचान दिलाने में कामयाबी हासिल की है।

कम्पनी द्वारा यार्न ट्रेड में फिलामेंट यार्न को भी शामिल किया जिसको श्री आशीष छापड़िया के युवा सुपुत्र श्री शिखर छापड़िया (एमबीए) शिक्षा पूर्ण करने के बाद इस सेक्टर में कार्यभार देख रहे हैं।

### फिलामेंट यार्न

भिलोशा, सनातन, राजरेयॉन, डीएनएच, भूमियार्न एवं रिलाइन्स पॉलिएस्टर शामिल है।

### पीवी पॉलिएस्टर यार्न

इसके अन्तर्गत अंकुर उद्योग, जाह्नवी स्पिनर्स, महावीर सिन्टेक्स, त्रिवेणी स्पिनर्स, एसआरएम भीलवाड़ा, सूर्यअम्बा नागपुर, कंचन स्पिनर्स एवं इण्डियन एक्रेलिक निर्मित यार्न की आपूर्ति की जा रही है।

### कम्पनी का सेल्स नेटवर्क

उत्तर प्रदेश, खलीलाबाद, मेरठ, लुधियाना, वाराणसी, गजुंडवाड़ा, टांडा, मऊ, कानपुर, गाजियाबाद, पंजाब, हरियाणा एवं दिल्ली मण्डियों तक विस्तृत है तथा देश की कपड़ा उत्पादक कम्पनियों को यार्न सप्लाई कर रहे हैं। वर्तमान बाजार की स्थिति के बारे में श्री मिक्की बाबू ने बताया कि पिछले वर्ष वैश्विक महामारी के बाद बाजार ने तीव्रगति से गेप की भरपाई की परंतु इस वर्ष बाजार मध्यम गती पर आ गया जो लम्बे समय चला लेकिन अब आगामी सीजन को देखते हुए बाजार में उठाव आने की पुरी संभावना है।





